18 April -26 page 1 17-04-26 9:53 PM Page 1


# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। शनिवार 18 अप्रैल -2026 | वर्ष : 11 अंक : 115 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3







# महिला आरक्षण बिल संसद में गिरा

## राहुल बोले हमने हरा दिया, सरकार बोली आपने ऐतिहासिक मौका गंवाया

### संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत यानी 352 वोट प्राप्त नहीं हो सके



नई दिल्ली। लोकसभा में महिला आरक्षण और परिसीमन संशोधन विधेयक पर लंबी और गहन चर्चा के बाद शुक्रवार (17 अप्रैल) मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। कुल 528 सांसदों ने वोट डाला, जिसमें 298 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में और 230 ने विपक्ष में मतदान किया।

हालांकि, संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत यानी 352 वोट प्राप्त नहीं हो सके। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की कि यह विधेयक आवश्यक समर्थन नहीं जुटा सका, इसलिए आगे की विधायी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा सकती।

इसके बाद संबंधित दो अन्य विधेयकों पर भी सरकार ने मतदान कराने का निर्णय नहीं लिया।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले 12 वर्षों में यह पहली बार है जब मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया कोई संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका।

**लंबी बहस के बाद फैसला :** इस विधेयक पर सदन में करीब 21 घंटे तक विस्तृत चर्चा चली, जिसमें कुल 130 सांसदों ने भाग लिया। इनमें 56 महिला सांसद भी शामिल रहीं, जिन्होंने अपने-अपने पक्ष रखे। चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया और स्पष्ट किया कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे वास्तव में एससी-एसटी समुदाय की सीटें बढ़ाने का विरोध कर रहे हैं। इसके साथ ही, धर्म के आधार पर आरक्षण की संभावना को सिरे से खारिज करते हुए शाह ने दक्षिणी और छोटे राज्यों को परिसीमन के बाद भी उनके उचित प्रतिनिधित्व का पूर्ण आश्वासन दिया है। वोटिंग से ठीक पहले गृह मंत्री के इस कड़े रुख ने इस विधेयक के ऐतिहासिक महत्व और राजनीतिक सरगर्मी को और बढ़ा दिया है।

लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक गिरने के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह केवल महिला आरक्षण का मुद्दा नहीं था, बल्कि चुनावी व्यवस्था में बदलाव की कोशिश थी। उनके मुताबिक, यह संविधान की मूल भावना पर हमला था, जिसे विपक्ष ने मिलकर रोक दिया।

### बिल में क्या था प्रस्ताव?

संविधान संशोधन विधेयक के तहत 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन के बाद लोकसभा सीटों को 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 तक करने का प्रस्ताव था। साथ ही 2029 के आम चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की योजना शामिल थी। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए सीटें बढ़ाने का प्रावधान रखा गया था, ताकि आरक्षण को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके।

# नोएडा बॉर्डर पर रोके गए सपा के दिग्गज

## मजदूरों से मिलने से पहले हुई पुलिस से भारी नोकझोंक

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में उस वक्त सियासी हलचल तेज हो गई, जब समाजवादी पार्टी के नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। यह सभी नेता नोएडा में प्रदर्शन कर रही श्रमिकों से मुलाकात करने जा रहे थे पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोकते हुए पहले डीएनडी बॉर्डर पर ही रोक लिया और बाद में पुलिस लाइन ले जाया गया।

बताया जा रहा है कि सपा का एक प्रतिनिधिमंडल मजदूरों की समस्याओं को समझने और उनके समर्थन में मौके पर पहुंचने वाला था लेकिन प्रशासन ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए उनकी एंट्री रोक दी।

**ये नेता शामिल थे :** इस प्रतिनिधिमंडल में सपा के कई बड़े और सक्रिय नेता शामिल थे। इनमें माता प्रसाद पांडे, अतुल प्रधान, सुधीर भाटी, आश्रय गुप्ता, शाहिद मंजूर, कमाल अख्तर, पंकज मलिक, शशांक यादव, फकीरचंद, राजकुमार भाटी, वीर सिंह यादव और सुनील चौधरी जैसे प्रमुख नेता शामिल थे। यह सभी नेता मजदूरों के मुद्दों को लेकर एकजुट होकर नोएडा पहुंच रहे थे जिससे राजनीतिक माहौल और ज्यादा गर्म हो गया।



**सपा नेताओं ने लगाया पुलिस पर आरोप :** डीएनडी बॉर्डर पर पुलिस और सपा नेताओं के बीच काफी देर तक बहस और नोंकझों का माहौल बना रहा। भारी पुलिस बल पहले से देना था और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार था। नेताओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें जानबूझकर रोका जा रहा है ताकि मजदूरों की आवाज दबाई जा सके।

वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना था कि यह कदम सिर्फ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया था। दरअसल नोएडा में श्रमिक अपने वेतन और अन्य मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। इसी के समर्थन में सपा ने एक प्रतिनिधिमंडल गठित किया, जिसे राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर मजदूरों से मिलने भेजा गया था। सपा नेताओं का कहना है कि सरकार मजदूरों की समस्याओं को नजर अंदाज कर रही है और उनकी आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है।

**पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट :** पुलिस ने सभा नेताओं को आगे बढ़ने से रोकने के बाद उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि रात में ही नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत अन्य जगहों पर पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर रखा था। आज एक बड़े नेताओं का प्रतिनिधिमंडल नोएडा आ रहा था, जहां उन्हें डंडी पर ही रोक लिया गया और उनको अरेस्ट करके पुलिस लाइन ले जाया गया।

**कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा :** प्रशासन का कहना है कि बिना अनुमति बड़ी संख्या में नेताओं के आने से कानून व्यवस्था बिगड़ सकती थी इसलिए यह कदम जरूरी था। इस पूरे घटनाक्रम के बीच भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी यानी सीपीएम का प्रतिनिधिमंडल भी श्रमिकों से मिलने के लिए पहुंचा। हालांकि पुलिस ने उन्हें भी डीएनडी बॉर्डर पर रोक दिया। जिसके बाद सीपीएम नेता वहीं धरने पर बैठ गए। इससे माहौल और ज्यादा तनावपूर्ण हो गया। इस घटना के बाद राजनीतिक बयान बाजी भी तेज हो गई सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष को दबाने और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करने का काम कर रही है। जबकि प्रशासन और सत्ताधारी पक्ष का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह कानून व्यवस्था बनाए रखने के तहत की गई है, और किसी को भी नियमों से ऊपर नहीं रखा जा सकता।

अब इस पूरे मामले के बाद आने वाले दिनों में राजनीतिक गतिविधियों और तेज होने के संकेत हैं।

# ग्रेटर गाजियाबाद पर सन्नाटा: घोषणा के महीनों बाद भी फाइल आगे नहीं बढ़ी

## योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट पर प्रशासनिक सुस्ती

### यूपी कैबिनेट बैठकों में भी नहीं हुई चर्चा

- सर्वे और नक्शों तक सीमित तैयारी
- 2027 चुनावी एजेंडा बनने की अटकलें तेज




**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** गाजियाबाद के विस्तार और समग्र विकास के लिए प्रस्तावित ग्रेटर गाजियाबाद परियोजना फिलहाल अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महीनों पहले की गई इस बड़ी घोषणा के बावजूद न तो इसे लेकर यूपी कैबिनेट स्तर पर कोई ठोस निर्णय सामने आया है और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई तेज प्रगति दिखाई दे रही है। साल 2026 में अब तक उत्तर प्रदेश सरकार की दो अहम कैबिनेट बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन इन बैठकों में ग्रेटर गाजियाबाद का मुद्दा न तो एजेंडा बना और न ही कोई आधिकारिक बयान सामने आया। इससे यह सवाल उठने लगा है कि आखिर यह महत्वाकांक्षी परियोजना फाइलों में कहां अटक गई है। स्थानीय प्रशासन और नगर निगम के सूत्रों की मानें तो फिलहाल इस योजना को लेकर जमीन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही। विभागीय स्तर पर केवल प्रारंभिक सर्वे, नक्शों का मिलान और सीमाओं पर मंथन जैसी प्रक्रियाएं ही चल रही हैं, जबकि बड़े स्तर की फाइल मूवमेंट या शासन से स्पष्ट दिशा-निर्देश अभी तक नहीं मिले हैं।

**प्रशासनिक सुस्ती या रणनीतिक चुप्पी? :** ग्रेटर गाजियाबाद को लेकर बनी खामोशी अब कई सवाल खड़े कर रही है। यूपी कैबिनेट की दो बैठकों में मुद्दा शामिल नहीं हुई है। तो शासन स्तर से कोई आधिकारिक टाइमलाइन नहीं दी गई है। उधर स्थानीय स्तर पर धीमी फाइल प्रक्रिया, अधिकारियों के पास स्पष्ट दिशा-निर्देश का अभाव बताया जा रहा है। तो विशेषज्ञों का मानना है कि या तो यह परियोजना अभी शुरूआती स्तर पर अटकी है या फिर इसे रणनीतिक रूप से रोका गया है।

### खोड़ा-लोनी क्षेत्रों को जोड़कर बनेगा ग्रेटर गाजियाबाद?

करंट क्राइम : इस परियोजना के तहत गाजियाबाद को एक मेगा अर्बन यूनिट के रूप में विकसित करने की योजना है। इसमें शामिल किए जाने वाले प्रमुख क्षेत्र के रूप में खोड़ा नगर पालिका, लोनी नगर पालिका परिषद, डासना नगर पंचायत (सभी वार्ड), मुरादनगर के चयनित गांव व वार्ड, कनावनी और आसपास के शहरी क्षेत्रों को प्रशासन द्वारा इन सभी क्षेत्रों के नक्शे निकलवाकर नगर निगम सीमा से मिलान किया जा रहा है। सीमा निर्धारण मुख्यत: सड़क कनेक्टिविटी के आधार पर प्रस्तावित है।

### 50-175 वार्ड का बनेगा नया ढांचा

करंट क्राइम : यदि यह परियोजना लागू होती है, तो गाजियाबाद नगर निगम का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। इसके बाद खोड़ा: 34 वार्ड,लोनी: 55 वार्ड, डासना: 25 वार्ड और मुरादनगर के आंशिक वार्ड शामिल होंगे। कुल 150 से 175 वार्ड बनाए जा सकते हैं। तो परिसीमन जनसंख्या के आधार पर होगा,इससे नगर निगम देश के बड़े शहरी निकायों में शामिल हो सकता है।

### क्या 2027 चुनाव का बनेगा बड़ा मुद्दा?

करंट क्राइम : मौजूदा हालात को देखते हुए राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि ग्रेटर गाजियाबाद परियोजना को 2027 विधानसभा चुनाव के लिए सुरक्षित रखा जा रहा है। बड़ी घोषणा पहले ही हो चुकी है, जमीनी क्रियान्वयन धीमा और कोई तय समयसीमा नहीं है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि चुनाव के करीब इस प्रोजेक्ट को फिर से गति देकर इसे एक बड़े चुनावी वादे के रूप में पेश किया जा सकता है। ग्रेटर गाजियाबाद एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जो शहर के विकास की दिशा बदल सकता है और लाखों लोगों को बेहतर शहरी सुविधाएं दिला सकता है। लेकिन मौजूदा हालात में यह योजना घोषणाओं और फाइलों के बीच उलझी नजर आ रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या यह ड्रीम प्रोजेक्ट जल्द जमीन पर उतरेगा या फिर राजनीति के मंच तक ही सीमित रह जाएगा?




# आज गाजियाबाद-नोएडा दौरे पर रहेंगे राज्यमंत्री असीम अरुण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण शनिवार 18 अप्रैल को गाजियाबाद और नोएडा के दौरे पर रहेंगे।

इस दौरान वह इदिरापुरम कनावनी गांव अग्निकांड से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर राहत कार्यों की स्थिति का जायजा लेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्यमंत्री दोपहर 2:30 बजे गाजियाबाद के कनावनी क्षेत्र पहुंचेंगे, जहां हाल ही में हुए अग्निकांड से प्रभावित लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करेंगे।


इसके बाद शाम 6:50 बजे वह नोएडा स्थित आंबेडकर पार्क नोएडा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

यह कार्यक्रम भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। राज्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी जाएगी।

# हाई स्पीड, ओवरटेकिंग और लापरवाही का कहर : दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर 2 साल में 60 से ज्यादा मौतें

## ब्लैक स्पॉट और सख्ती के बावजूद नहीं थम रहे हादसे, हर साल दर्जनों लोग गंवा रहे जान

**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार, लापरवाही और खतरनाक ओवरटेकिंग लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। ट्रैफिक सुधार के लिए लगातार अभियान चलाए जाने और सख्त निदेर्शों के बावजूद हालात में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते लगभग दो वर्षों में इस एक्सप्रेसवे पर 60 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 100 से ज्यादा सड़क हादसे दर्ज किए गए हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर कई योजनाएं बनाई गईं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्तर से भी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए, लेकिन इसके बावजूद हादसों पर लगाम नहीं लग पाई है।




### ब्लैक स्पॉट बढ़े, फिर भी असर नहीं

करंट क्राइम : एक्सप्रेसवे पर कई जगहों को ब्लैक स्पॉट (हॉटस्पॉट) के रूप में चिन्हित किया गया है। यहां अतिरिक्त निगरानी, कैमरे और पुलिस तैनाती के बावजूद हादसे रुक नहीं रहे। अवैध कट बंद किए गए हैं, लेकिन लापरवाह ड्राइविंग पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पाया है। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन का कहना है कि कैमरों की संख्या बढ़ाई गई है और लगातार निगरानी की जा रही है, लेकिन अभी और सख्ती और जागरूकता की जरूरत है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बढ़ते हादसे साफ संकेत दे रहे हैं कि केवल नियम और अभियान काफी नहीं हैं। जब तक वाहन चालक खुद जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, तब तक यह एक्सप्रेसवे तेज रफ्तार के साथ-साथ मौत का रास्ता भी बना रहेगा।

### हादसों के आंकड़े डराने वाले

2024 : 37 बड़े हादसे, 33 मौतें
2025 : 41 हादसे, 25 मौतें
2026 (अब तक) : 7 मौतें

हालांकि 2025 में मौतों की संख्या कुछ कम हुई, लेकिन हादसों की संख्या में बढ़ोतरी साफ संकेत दे रही है कि सड़क सुरक्षा के प्रयास अभी नाकाफी हैं।

### कई दर्दनाक हादसे झकझोर चुके हैं

करंट क्राइम : दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कई ऐसे हादसे हुए हैं जिन्होंने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। हरिद्वार से लौट रहे एक परिवार के 6 लोगों की मौत,विजयनगर के तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत हुई थी। गलत दिशा में वाहन चलाने से कई हादसे हुए हैं। तो तेज रफ्तार गाड़ी से ट्रैफिक पुलिसकर्मी की मौत। ये घटनाएं बताती हैं कि लापरवाही किस हद तक जानलेवा साबित हो रही है।

### हादसों की बड़ी वजहें

- ओवरस्पीडिंग और खतरनाक ओवरटेकिंग
- गलत दिशा में वाहन चलाना
- हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करना
- नियमों की अनदेखी
- प्रतिबंध के बावजूद दोपहिया वाहनों की एंट्री

ट्रैफिक अधिकारियों के अनुसार, एक्सप्रेसवे पर वाहन अक्सर 100 किमी/घंटा या उससे अधिक की रफ्तार से चलते हैं, जो थोड़ी सी चूक में हादसे का कारण बनती है।


## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भीषण टक्कर में तीन की दर्दनाक मौत

### ट्रैवलर चालक हिरासत में

#### शुक्रवार सुबह हुआ दर्दनाक हादसा

गाजियाबाद, करंट क्राइम : दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह उस वक्त दिल दहला देने वाला हादसा हो गया, जब विजय नगर थानाक्षेत्र में आईपीईएम इंजीनियरिंग कॉलेज के पास तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर ने तीन जिंदगियां छीन लीं। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर चीख-पुकार गूंज उठी। सुबह करीब 6 बजे पीआरवी को मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक टेम्पो ट्रैवलर ने पीछे से थार और बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान दीपक पुत्र हरिवंश लाल, नवीन कुमार वर्मा (निवासी बाबरपुर) पुत्र स्व. स्वराज कुमार और योगेश (बाइक चालक) के रूप में हुई है। जिला एमएमजी अस्पताल द्वारा मौत की पुष्टि की गई।







### टेंपो ट्रैवलर चालक हिरासत में



करंट क्राइम : पुलिस ने बताया है कि हादसे के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए टेम्पो ट्रैवलर चालक वीरेंद्र पुत्र जियालाल निवासी दिल्ली (मूल निवासी अमेठी) को हिरासत में ले लिया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और उनकी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सुबह हादसे के बाद कुछ देर के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस ने हालात को संभालते हुए यातायात सुचारू कराया। एसीपी कोतवाली नगर उपासना पाण्डेय ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। मामले की गहन जांच की जा रही है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी है।



# संसद में महिला आरक्षण पर घमासान राहुल गांधी के बयान से बढ़ा विवाद

## राजनाथ सिंह और रिजिजू ने जताई कड़ी आपत्ति, स्पीकर ने शब्द हटाए



**नई दिल्ली।** लोकसभा में महिला आरक्षण लागू करने से जुड़े तीन संशोधित विधेयकों पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी के एक बयान को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। राहुल के बयान पर सत्ताधारी दल के सांसदों ने कड़ी आपत्ति जताई, जिसके बाद सदन में शोर-शराबा और नारेबाजी शुरू हो गई।

उन्होंने सरकार से 2023 के महिला आरक्षण विधेयक को दोबारा लाने की मांग करते हुए कहा कि विपक्ष इसे तुरंत लागू कराने में पूरा सहयोग देगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को सत्ता और प्रतिनिधित्व देने से बचने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यही सरकार की वास्तविक मंशा प्रतीत होती है।

**जाति जनगणना के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा, बहस तेज हुई**

**'छिपी ताकत' वाले बयान पर हंगामा :** राहुल गांधी ने कहा, 'मैं वापस गार्डन वाली कहानी सुनाता हूं। दादी ने कहा था कि सुनो राहुल मैं चाहती हूं कि तुम अंधेरे में देखना सीखो। अंधेरा में ही असली ताकत है। यह बढ़िया पॉलिटिकल लेशन है। जो असली ताकत होती है वो छिप कर काम करती है अपने आप को दिखाती नहीं है। मैं यह इसलिए बता रहा हूं कि सभी जानते हैं एक पार्टनरशिप हमारे जादूगर और बिजनेसमैन के बीच है।' इस पर एनडीए सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। राहुल ने कहा- मैं पीएम का नाम नहीं ले रहा हूं। मैंने पीएम का नाम नहीं लिया। सर यह पार्टनरशिप मजबूत है, लेकिन छिपी है। जादूगर के पूरे इतिहास में यह ताकत छिपी है। जबसे वे यहां आए तब से यह चल रहा है। भाजपा जानती है कि यह बिल पास नहीं हो सकता। वे इतने बेवकूफ नहीं है वे जानते हैं। इसीलिए उन्होंने चुनावी नक्शा बदलने के लिए महिला आरक्षण का सहारा लिया। सच यह है कि जादूगर पकड़ा गया है। ऑपरेशन सिंदूर, नोटबंदी का जादूगर पकड़ा गया है।

**जाति जनगणना को लेकर भी उठाए सवाल :** सदन में बोलते हुए राहुल गांधी ने जाति जनगणना के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि केवल जाति जनगणना शुरू करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि इसका उपयोग संसद और राज्य विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व तय करने के लिए किया जाएगा या नहीं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह जाति जनगणना को अगले कई वर्षों तक प्रतिनिधित्व से अलग रखने की योजना बना रही है।

### राजनाथ सिंह ने जताई कड़ी आपत्ति



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे प्रधानमंत्री और देश की गरिमा के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना अनुचित है और इसकी घोर निंदा की जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी आपत्ति जताते हुए कहा कि एक जिम्मेदार पद पर बैठे नेता को इस तरह के शब्दों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के चुने हुए नेता हैं और उनके प्रति सम्मान बनाए रखना जरूरी है।

### स्पीकर ने हटाए आपत्तिजनक शब्द

विवाद बढ़ने पर लोकसभा अध्यक्ष ने हस्तक्षेप किया और राहुल गांधी के भाषण के कुछ अंशों को कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया। रिजिजू ने कहा कि उन्हें पूरे भाषण से आपत्ति नहीं है, लेकिन कुछ टिप्पणियां अनुचित हैं और नियमों के खिलाफ हैं। रक्षामंत्री ने कहा है हम भी कह रहे हैं भाषण नियम के तहत दीजिए। बार-बार पीएम का मजाक उड़ाना गलत। पीएम आपका और मेरा नहीं है। इस बीच, राहुल गांधी ने दोबारा बोलने की कोशिश की और कहा कि मौजूदा स्थिति में सत्तारूढ़ दल के भीतर भी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, बढ़ते शोर-शराबे के चलते स्पीकर ने उन्हें बैठने के लिए कहा।

# महिला आरक्षण पर मायावती का हमला, सपा-कांग्रेस पर निशाना

## मायावती बोलीं—सत्ता में रहते नहीं निभाया आरक्षण का वादा



**सपा-कांग्रेस पर दोहरे चरित्र की राजनीति करने का आरोप**

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर सपा-कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा व कांग्रेस ने सत्ता में रहने पर कभी भी एससी-एसटी और ओबीसी के हितों के लिए तय कोटे को कभी भी पूरा नहीं किया। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर कहा कि सत्ता में रहने पर कांग्रेस ने कभी भी एससी-एसटी और ओबीसी समाज के हितों का ध्यान नहीं रखा और अब इन वर्गों की महिलाओं की बात कर रही है। इसी तरह सपा का भी एससी-एसटी और ओबीसी के प्रति सत्ता में रहने पर तिरस्कारपूर्ण रवैया रहता है।

### उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि

- देश के अनुसूचित जाति-जनजाति व पिछड़े समाज के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के मामले में कांग्रेस गिरगिट की तरह अपना रंग बदलने पार्टी भी महिला आरक्षण में, जो अब इन वर्गों की बात कर रही है, वो यही कांग्रेस पार्टी है जिसने अपनी केन्द्र की सरकार के रहते हुये किसी भी क्षेत्र में इनके आरक्षण के कोटे को पूरा कराने की कभी पहल नहीं की।
- तथा ना ही ओबीसी समाज हेतु मण्डल कमीशन की रिपोर्ट के हिसाब से उन्हें सरकारी नौकरी व शिक्षा के क्षेत्र में 27 प्रतिशत आरक्षण को भी लागू किया जिसे फिर बसपा के अथक प्रयासों से पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार में अनततः लागू किया गया था, जो सर्वविदित है।
- इसी प्रकार, यूपी में पिछड़े मुस्लिमों को ओबीसी का लाभ देने के लिए, पिछड़ा वर्ग आयोग की जुलाई 1994 में ही आई रिपोर्ट को भी सपा सरकार ने ठण्डे बस्ते में डालकर इसे लागू नहीं किया था, जिसे फिर यहां बसपा की दिनांक 3 जून सन 1995 में पहली बनी सरकार ने इसे तुरन्त लागू किया। अब यही सपा अपना रंग बदलकर अपने राजनैतिक स्वार्थ में इनकी महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की बात कर रही है।
- इस प्रकार, अन्य मामलों की तरह इस मामले में भी सपा जब सरकार में नहीं है तो अलग रवैया अपना रही है, किन्तु जब सरकार में होती है तो अलग संकीर्ण जातिवादी व तिरस्कारी रवैया अपनाती है। अतः इन सभी वर्गों को ऐसी सभी छलावा एवं दोहरे चरित्र वाली पार्टियों से हमेशा सावधान रहना होगा तभी कुछ बेहतर संभव हो पाएगा।
- जहां तक महिला आरक्षण के लिए पिछली (सन् 2011) जनगणना के आधार पर परिसीमन करने का सवाल है तो इस बारे में यही कहना है कि यदि इसे जिन भी कारणों से जल्दी लागू करना है तो फिर इसी जनगणना के आधार पर करना है और यदि वर्तमान में कांग्रेस पार्टी केन्द्र की सत्ता में होती तो फिर यह पार्टी भी बीजेपी की तरह ही यही कदम उठाती।
- कुल मिलाकर, कहने का तात्पर्य यह है कि देश में एससी, एसटी व ओबीसी एवं मुस्लिम समाज के वास्तविक हित, कल्याण व उनके भविष्य संवारने आदि के किसी भी मामले में कोई भी पार्टी गम्भीर नहीं रही है।
- इसीलिये महिला आरक्षण के मामले में इन वर्गों को अभी जो कुछ भी मिलने वाला है उसे इनको फिलहाल स्वीकार कर लेना चाहिये और इस मामले में आगे अच्छा वक्त आने पर इनके हितों का सही से पूरा ध्यान रखा जायेगा अर्थात इन्हें किसी के भी बहकावे में नहीं आना है क्योंकि इनको खुद अपने पैरों पर खड़े होकर अपने समाज को आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनाना है। यही सलाह है।

## दिनदहाड़े हंसिया से गला रेतकर युवक की हत्या, रास्ते के विवाद में वारदात को दिया गया अंजाम



**लखनऊ।** गोंडा में दिनदहाड़े हंसिया से गला रेतकर युवक की हत्या कर दी गई। रास्ते के विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया। घटना कटरा बाजार थाना क्षेत्र के बमडेरा गांव की है। गांव निवासी अन्नू दुबे (40) की हत्या हुई है। बताया गया कि अन्नू रास्ते से निकल रहे थे। इसी समय पहले से घात लगाए बैठे आरोपी ने उन पर हमला कर दिया। हंसिया से गला रेतकर उनकी हत्या कर दी। सूचना पर थानाध्यक्ष विवेक त्रिवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## दो संगठनों के विवाद में जमकर हुआ पथराव

# एसीपी का फटा सिर, दरोगा समेत दो पुलिसकर्मी घायल



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में पोस्टर और झंडा के विवाद ने हिंसा का रूप धारण कर लिया है। शुक्रवार को मामले में दो संगठनों के बीच पथराव होने से पुलिसकर्मी भी चोटिल हुए हैं।

वाराणसी कमिश्नरेट के चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया में आंबेडकर और केशरिया झंडा उतारने को लेकर दूसरे दिन भी बवाल हो गया। दोनों संगठनों के विवाद में जमकर पत्थरबाजी हुई। जिसमें एसीपी सारनाथ विदुष सक्सेना का सिर फट गया। घटना के बाद घायल एसीपी सारनाथ को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पत्थरबाजी में एक दरोगा समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। वहीं दो संगठनों के विवाद में पथराव के बाद मौके पर पांच थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

घटनास्थल पर डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार, लालपुर पांडेयपुर थाना प्रभारी, सारनाथ थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस बल मौजूद हैं। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीएम पिंडरा, तहसीलदार पिंडरा कुलवंत सिंह सहित एडिशनल सीपी भी पहुंचे और घटना की जानतारी ली।

जानकारी के अनुसार, 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के अवसर पर गांव स्थित भैरव बटुक धाम जाने वाले गेट पर कुछ लोगों ने आंबेडकर का झंडा लगाया था। आरोप है कि बाद में कुछ अराजकतत्वों ने झंडे को फाड़कर जला दिया।

इसकी सूचना मिलते ही भीम आर्मी के कार्यकर्ता आक्रोशित हो उठे और विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई, जब हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने से माहौल गरमा गया और विवाद बढ़ने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों को शांत कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। इधर, शुक्रवार को फिर दोनों पक्ष आमने- सामने आ गए।

# 'स्कूल से यूनिफॉर्म-किताबें-जूतें खरीदने का बनाया दबाव तो करेंगे सख्त कार्रवाई', मेरठ के डीएम की चेतावनी



**मेरठ।** जिला नियामक समिति की बैठक में मेरठ के डीएम डॉ. वीके सिंह ने स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि सभी स्कूल ली जाने वाली फीस का विवरण नोटस बोर्ड पर अवश्य लगाएं।

डीएम डॉ. वीके सिंह ने उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों को चेताया कि वह किसी छात्र या अभिभावक को पुस्तकें -यूनिफॉर्म विशेष दुकान से खरीदने को बाध्य न करें। जिला नियामक समिति की बैठक में डीएम ने कहा कि सभी विद्यालय शुल्क और विद्यालय में संचालित पुस्तकों से संबंधित विवरण वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से चस्पा करें।

डीएम ने कहा कि अगर किसी छात्र व अभिभावक को पुस्तकें, जूते, मोजे व यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 तथा उत्तर प्रदेश निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली, 2011 के प्रावधानों के तहत स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से चयनित दुर्बल वर्ग, अलाभित समूह के बच्चों को आवंटित विद्यालय की कक्षा में अविलंब प्रवेश दिया जाए।

डीएम ने कहा कि विद्यालय स्तर पर वाहन सुरक्षा समिति का गठन कर सूचना संभागीय परिवहन अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराई जाए। स्कूल वाहनों का वैध परमिट, इंश्योरेंस, पंजीकरण तथा फिटनेस प्रमाण प्राप्त करने के बाद ही उन्हें चलाया जाए। परिवहन विभाग की व े ब ा स ा इ ट https://upisvmp.com पर स्कूल वाहनों का वैध परमिट इंश्योरेंस, पंजीकरण तथा फिटनेस प्रमाण संबंधी सूचना व 100 रुपये कर स्टांप पेपर पर शपथ पत्र अपलोड करें। सूचना अपलोड नहीं करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की जाए। स्कूल वाहन नहीं होने पर भी स्कूलों द्वारा सूचना अपलोड की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों का कक्षावार गत शैक्षिक सत्र एवं वर्तमान शैक्षिक सत्र का शुल्क विवरण तथा वर्तमान शैक्षिक सत्र में की गई शुल्क वृद्धि का विवरण विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रमाणित कर एक सप्ताह के भीतर जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराया जाए।

## दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी के पिता का निधन केजरीवाल से लेकर सिसोदिया तक ने जताया शोक



**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी के पिता विजय सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया।

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी के पिता विजय सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजनक अरविंद केजरीवाल और पूर्व डीप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने शोक व्यक्त किया है।

### सिसोदिया ने दुख किया प्रकट

पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने दुख प्रकट करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी जी के पिता श्री विजय सिंह जी के निधन की खबर बेहद दुखद है। उन्होंने अपना पूरा जीवन शिक्षा और मूल्यों पर आधारित जीते हुए समाज को समर्पित किया। इस कठिन समय में आतिशी जी और उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं। ईश्वर उन्हें इस अपार दुख को सहने की शक्ति दें।

## कानूनी प्रक्रिया जारी, नई सरकार के साथ रिश्तों पर रहेगा जोर : रणधीर जायसवाल



**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत अपने पड़ोसी देशों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, फिर चाहे वो श्रीलंका हो या मॉरीशस। वहीं, बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण और भगोड़े नीरव मोदी के मुद्दे पर सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। साथ ही, पश्चिम एशिया में शांति की बहाली का भारत ने स्वागत किया है। भारत सरकार ने कई अहम कूटनीतिक और कानूनी मुद्दों पर अपना रुख साफ कर दिया है। बांग्लादेश के साथ बदल रहे रिश्तों से लेकर भगोड़ों को वापस लाने की जद्दोजहद तक, आज कई बड़ी खबरें निकलकर सामने आईं। बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर उठ रहे सवालों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'शेख हसीना के प्रत्यर्पण के संबंध में एक अनुरोध प्राप्त हुआ है, जिसकी हमारी न्यायिक और आंतरिक कानूनी प्रक्रियाओं के तहत जांच की जा रही है। भारत बांग्लादेश के साथ संबंधों को और मजबूत करना चाहता है। जल्द ही दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर आधिकारिक चर्चा होने की भी उम्मीद है।'

संकट में पड़ोसियों के साथ खड़ा है भारत

भारत 'नेबरहुड फर्स्ट' की नीति पर चलते हुए अपने पड़ोसियों के लिए संकटमोचक बनकर उभरा है। रणधीर जायसवाल ने बताया कि अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भारत कई देशों को ईंधन की आपूर्ति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मार्च में 22,000 मीट्रिक टन उच्च गति डीजल बांग्लादेश भेजा गया। वहीं, पिछले महीने 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम उत्पाद श्रीलंका पहुंचाए गए। इतना ही नहीं, मॉरीशस के साथ तेल और गैस की आपूर्ति के लिए एक सरकारी समझौते को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि नेपाल और भूटान को भारतीय तेल निगम (आईओसी) के माध्यम से बिना किसी रुकावट के ईंधन भेजा जा रहा है। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों पर भारत ने खुशी जाहिर की है। इस्राइल और लेबनान के बीच हुए संघर्ष विराम पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि शांति की दिशा में उठाया गया हर कदम सराहनीय है।

## नौ जिलों में आरक्षण रोस्टर को मंजूरी, घग्गर और सतलुज के आसपास गाद निकाल सकेंगे किसान



**चण्डीगढ़।** कैबिनेट में दि पंजाब पंचायती राज अधिनियम 1994 के नियमों में संशोधन किया गया। जब पंचायत समिति व जिला परिषद बनी थी। उस समय तय किया था जब किसी जिले या तहसील या ब्लॉक सीमा घटेगी या बढ़ेगी तो उस समय रिजर्वेशन की तबदीली की जा सकती है।

कैबिनेट की बैठक के बाद वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि छह जिलों मोहाली, पटियाला, फाजिल्का फिरोजपुर, मलेरकोटला और संगरूर के आरक्षण रोस्टर में बदलाव को पंजाब कैबिनेट की मंजूरी दे दी गई। अब लोगों से इस पर आपत्तियां मांगी गई हैं। 10 दिन के भीतर लोग आपत्तियां दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि दि पंजाब पंचायती राज अधिनियम 1994 के नियमों में संशोधन किया गया। जब पंचायत समिति व जिला परिषद बनी थी। उस समय तय किया था जब किसी जिले या तहसील या ब्लॉक सीमा घटेगी या बढ़ेगी तो उस समय रिजर्वेशन की तबदीली की जा सकती है। चीमा ने बताया कि सतलुज और घग्गर नदी के कई इलाकों में गाद निकालने मंजूरी भी दी गई है।। वित्तमंत्री ने कहा हरशा बेला रोपड़, मंडाला ताजोबाल, बाढ़ाकाली राउन, रुकनेवाला, खैहराबाल और डेराबस्सी में पड़ने वाले नदी क्षेत्र में गाद निकालने की बहुत ज्यादा जरूरत थी। इसलिए सरकार ने इन नौ जगहों पर डिसिल्टिंग की मंजूरी दे दी है। इसका मकसद इन नदियों के आसपास पड़ने वाले क्षेत्रों को बाढ़ जैसे हालातों से बचाया जा सके। जहां-जहां किसान की जमीन आती है, वह अपने स्तर पर पर डिसिल्टिंग कर पाएंगे लेकिन उससे पहले इसकी मंजूरी किसानों को लेनी पड़ेगी।

# छात्रों को सोमनाथ यात्रा कराएगी यूपी सरकार सात नदियों का जल लेकर पहुंचेंगे 1008 श्रद्धालु



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार युवा प्रोफेशनल्स, एमबीए छात्रों और विभिन्न वर्गों के 1008 लोगों को विशेष एसी ट्रेन से सोमनाथ यात्रा कराएगी। संस्कृति विभाग इस आयोजन पर डेढ़ करोड़ रुपये खर्च करेगा। श्रद्धालु सात पवित्र नदियों का जल लेकर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत 19 अप्रैल को राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्टेशन से एक विशेष एसी ट्रेन सोमनाथ के लिए रवाना होगी। इसमें प्रदेश के युवा प्रोफेशनल्स, एमबीए स्टूडेंट्स, स्टार्टअप्स के प्रतिनिधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, एमएसएमई और तकनीकी सेवाओं से जुड़े कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही इस यात्रा में समाज के हर वर्ग की भागीदारी भी देखने को मिलेगी- हॉकर्स, स्ट्रीट वेंडर्स और दुकानदारों से लेकर महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और गिग वर्कर्स तक सभी इसमें शामिल हैं। प्रदेश के सभी जिलों से चुने गए कुल 1008 यात्री इस विशेष यात्रा का हिस्सा होंगे। यह सभी अटूट आस्था के 1000 वर्षह्न कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सोमनाथ जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस यात्रा को हरी झंडी दिखा सकते हैं।

**7 नदियों का जल लेकर सोमनाथ पहुंचेंगे श्रद्धालु :** यात्रा के दौरान श्रद्धालु प्रदेश की 7 पवित्र नदियों का जल अपने साथ लेकर जाएंगे। 21 अप्रैल को सोमनाथ पहुंचने के बाद वे महाआरती, रुद्राभिषेक, भजन संध्या, प्रवचन और लाइट एंड साउंड शो जैसे विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इन आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को सोमनाथ के गौरवशाली इतिहास और आध्यात्मिक महत्व से जुड़ने का मौका मिलेगा।

केंद्र सरकार के सहयोग से आयोजित यह पर्व पूरे देश में वर्ष भर मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत ह्रसोमनाथ स्वाभिमान विषय पर आधारित बुकलेट का वितरण भी किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास, उसके पुनर्निर्माण और भारतीय संस्कृति की अटूट शक्ति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। यह आयोजन आस्था, एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बनेगा।

# नीतीश ने छोड़ा सीएम आवास, नए ठिकाने पर शिफ्ट

## 12 साल बाद फिर बदला निवास, खुद कराया नए बंगले का निर्माण

### राज्यसभा सांसद बनने के बाद लिया बड़ा फैसला

**पटना।** राज्यसभा सांसद और जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास छोड़ दिया है। शुक्रवार दोपहर वह अपने बेटे निशांत कुमार के साथ अपनी इलेक्ट्रिक कार से मुख्यमंत्री आवास से रवाना हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास से सभी कर्मियों की आंखें नम थी। नीतीश कुमार ने सबको प्रणाम किया और रवाना हो गए। वह अब सात, सर्कुलर रोड स्थित अपने नए सरकारी आवास पर रहेंगे। उन्होंने अपनी निगरानी में ही इसे तैयार करवाया है। पहले सीएम ऑफिस के रूप में इस बंगले का उपयोग किया जा रहा था। अब सीएम हाउस छोड़ने के बाद यही बंगला नीतीश कुमार का नया ठिकाना बना है। वहीं मुख्यमंत्री आवास में अब सम्राट चौधरी रहेंगे।

### 40 साल से ज्यादा समय से राजनीति की मुख्य धारा में हैं

16 मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। 30 मार्च को उन्होंने विधान परिषद् सदस्य के रूप में इस्तीफा दिया। इसके बाद शुक्रवार को उन्होंने राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लिया। 14 अप्रैल को उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। नीतीश कुमार 40 साल से ज्यादा समय से राजनीति की मुख्य धारा में हैं। पहले बिहार की राजनीति की, फिर केंद्र की। बिहार में मंत्री कभी नहीं बने और मुख्यमंत्री बनने से पहले वह केंद्रीय मंत्री की ताकत हासिल कर चुके थे। 2005 से अब तक वह कुछ समय को छोड़ बाकी समय मुख्यमंत्री रहे। जिस समय सीएम नहीं थे, उस समय भी सारी शक्तियां उनके पास ही समाहित नजर आ रही थीं।



### 2014 के बाद पहली बार छोड़ा मुख्यमंत्री आवास

2014 में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस्तीफा देकर जीतन राम मांझी को बिहार का मुखिया बना दिया था तब उन्होंने अणे मार्ग स्थित सीएम हाउस छोड़ दिया था। उस वक्त भी उन्होंने अपना नया ठिकाना सात सकुर्लर रोड को ही बनाया था। अब करीब 12 साल बाद नीतीश कुमार वापस यहीं आ चुके हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस बंगले को पिछले कुछ दिनों से दुरुस्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद निरीक्षण करने आए थे।


**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः— 58 / जलकल / 2026—27 दिनांक :— 17.04.2026

**अल्पकालीन ई—निविदा आमंत्रण सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम, के जलकल विभाग द्वारा अवस्थापना विकास निधि, अमृत—2.0 से प्राप्त प्रोत्साहन धनराशि, जे०एस०जे०बी० के अन्तर्गत प्रोत्साहन धनराशि एवं निगम निधि से स्वीकृत विभिन्न कार्यों की अल्पकालीन नवीन ई—निविदा / पुनः ई—निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा उत्तर प्रदेश की ई—प्रिक्योरमैन्ट की वेबसाईट **http:/etender.up.nic.in** से प्राप्त किये जा सकते है। शासनादेश संख्या—3890 / नौ—5—19—149सा / 2019 दिनांक 20.09.2019 के क्रम में निविदादाता को निविदा शुल्क धनराशि एवं निर्धारित धरोहर धनराशि निविदा सूची में कार्य के सम्मुख अंकित निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं धरोहर राशि (Refundable) वेबसाईट **http:/etender.up.nic.in** पर जमा कर उक्त की छायाप्रति मय यू०टी०आर० नम्बर साईट पर अल्पकालीन निविदा दिनांक 20.04.2026 से 27.04.2026 तक पुनः ई—निविदा एवं दिनांक 20.04.2026 से 11.05.2026 तक नवीन ई—निविदा को अपरान्हः 2:00 बजे तक अपलोड करना आवश्यक होगा, जिन्हे तद्दिनांक की सांय 4:00 बजे खोला जायेगा। ऐसी निविदादाता / फर्म जो नगर निगम, गाजियाबाद में पंजीकृत है अथवा नही है, के लिये शासनादेश संख्या—3890 / नौ—5—19—149सा / 2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता का चरित्र प्रमाण—पत्र, हैसियत प्रमाण—पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण—पत्र तथा जी०एस०टी० नम्बर वैबसाईट पर अपलोड करना आवश्यक होगा। विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते वैबसाईट **http:/etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

| अवस्थापना विकास निधि, अमृत—2.0 से प्राप्त प्रोत्साहन धनराशि, जे०एस० जे०बी० के अन्तर्गत प्रोत्साहन धनराशि एवं निगम निधि की तकनीकि बिड हेतु | |
|---|---|
| अवस्थापना विकास निधि, अमृत—2.0 से प्राप्त प्रोत्साहन धनराशि, जे०एस०जे०बी० के अन्तर्गत प्रोत्साहन धनराशि एवं निगम निधि की तकनीकी बिड हेतु नियत तिथि | दिनांक 20.04.2026 से 27.04.2026 की अपरान्हः 2:00 बजे तक पुनः निविदाएं एवं दिनांक 20.04.2026 से 11.05.2026 की अपरान्हः 2:00 बजे तक नवीन ई—निविदा |

आमंत्रित निविदा की सर्व प्रथम तकनीकी बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। तकनीकी बिड में अर्हता रखने वाले योग्य निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोलने की सूचना पृथक से दी जायेगी। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक (जल)
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 18 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का कट

Pankaj Sharma
6h

वर्तमान में भारत की कुल आबादी का लगभग 15% से 18% हिस्सा अंग्रेज़ी समझ या बोल सकता है। यह बात राहुल गांधी जी को समझनी चाहिए

बाक़ी सब ठीक है

# दिल्ली फतह के बाद डाल दिया है सांसद अतुल गर्ग ने पश्चिम बंगाल में डेरा

## संसदीय सत्र में भाग लेने के लिए लगाया दिल्ली का फेरा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग निश्चित रूप से भाजपा की राजनीति में रणनीतिकारों की टीम का हिस्सा बन रहे हैं। घटनाक्रम बताता है कि संगठन उनपर भरोसा करता है और वो सरकार के भी भरोसेमंद चेहरों में शामिल हैं। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इन दिनों पश्चिम बंगाल में डेरा डाल रखा है। संगठन के निर्देश पर वो पश्चिम बंगाल में चुनाव के लिए मौजूद हैं। बीते कई दिनों से वो पश्चिम बंगाल मे हैं और बुधवार की रात पश्चिम बंगाल से दिल्ली पहुंचे, उन्हें लोकसभा में भाग लेना था और इसके बाद वो फिर पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हो गये। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने लगातार दो बार विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की और फिर वो लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने। सांसद बनने के बाद से ये उनकी बड़ी उपलब्धि है कि उन्हें जब दिल्ली विधानसभ चुनाव की सहप्रभारी वाली कमान सौंपी गयी तो उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से इस दायित्व कोनिभाया। सांसद अतुल गर्ग के खाते में शानदार उपलब्धि दर्ज हुई और भाजपा ने जीत हांसिल की। अब एक बार फिर भाजपा संगठन ने सांसद अतुल गर्ग पर भरोसा जताया है। उन्हें पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए भेजा गयाहै। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने पश्चिम बंगाल में डेरा डाल लिया है। कई दिन के प्रवास के बाद वो दो दिन का फेरा दिल्ली में डाले हुए हैं। उन्हें लोकसभा वाली जिम्मेदारी के बाद फिर बंगाल जाना है। ऐसे में ये बड़ा सवाल है कि क्या एक बार फिर अतुल गर्ग अपनी कार्यक्षमता का मैजिक दिखायेंगे। क्या दिल्ली की सक्सेस स्टोरी पश्चिम बंगाल में रिपीट होगी। उम्मीद यही लगायी जा रही है कि जब जब अतुल गर्ग ने संगठन की जिम्मेदारी निभाते हुए जहां जहां भी चुनाव प्रचार की कमान संभाली है वहां वहां भाजपा को जीत मिली है। ऐसे में पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजों पर सभी की नजर रहेगी। अतुल गर्ग की मौजूदगी भाजपा के लिए कितनी सुखद होगी। पिछला रिकॉर्ड बताता है कि अतुल गर्ग ने जहां भी डेरा डालकर प्रचार किया है वहां भाजपा के सिर पर जीत का ताज आया है। ऐसे में जब पश्चिम बंगाल में सांसद अतुल गर्ग कमान संभाल रहे हैं तो यहां उम्मीदें बढ़ गयी हैं। पश्चिम बंगाल में बीएल संतोष ने अतुल गर्ग पर विश्वास जताते हुए दायित्व दिया है। सांसद अतुल गर्ग भी अपनी रणनीति के साथ और संगठन के साथ कदमताल करते हुए कमान संभाल रहे हैं।

# जब तक व्यवस्था ना बने लोनी में ना लगें स्मार्ट मीटर : नंदकिशोर गुर्जर

## कर्मचारी बिठाये जायें हर बिजली घर पर और लोगों की समस्या का हो समाधान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपनी विधानसभा में जनमुद्दों को लेकर हमेशा सजग रहते हैं, उनका संज्ञान लेते हैं और जनता के साथ खड़े रहते हैं। स्मार्ट मीटर की खामियों से लोग झूझ रहे हैं, लोग परेशान हैं और ऐसे में लोनी विधानसभा में स्मार्ट मीटर की समस्या को लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बिजली अधिकारियों से बात की। विद्युत विभाग के अधिकारियों को उन्होंने ये निर्देश दिया है कि जब तक स्मार्ट मीटर की समस्याओं का समाधान ना हो जाये तब तक लोनी में स्मार्ट मीटर ना लगाये जायें। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विद्युत अधिकारियों से बातचीत में सीधे कहा कि स्मार्ट मीटर ने लोगों का जीवन नरक कर दिया है। रामकथा में लोग आरहे हैं, लोग परेशान ना हों इसके लिए विभाग व्यवस्था करे। लोनी विधायक ने विद्युत अधिकारियों से टैलीफोनिक बात की और कहा कि लोनी बड़ा क्षेत्र है और यहां पर हर बिजली घर पर एक कर्मचारी नियुक्त किया जाये जो लोगों से बात करे। यहां लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अपने अंदाज में सीधे सीधे विद्युत अधिकारी से कहा कि जो भी कर्मचारी बिजली घर पर बैठे वो बिजली घर पर आने वाले लोगों का सम्मान करे और उनकी बात सुने और समस्या का समाधान करे। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अधिकारियों से आग्रह पूर्वक कह दिया है कि जब तक व्यवस्था ना बने तब तक लोनी में स्मार्ट मीटर ना लगाये जायें। उन्होंने अधिकारियों को भी बता दिया है कि स्मार्ट मीटर की अव्यवस्थाओं को लेकर लोगों में गुस्सा है और ऐसे में हमें लोगों के साथ खड़ा होना पड़ेगा। लिहाजा आग्रह यही है कि बिजली घर पर एसे लोगों को समझाने के लिए कर्मचारी नियुक्त किये जाये। कर्मचारी अपना व्यवहार विनम्र रखें। हालाकि विधायक ने यह भी माना कि स्मार्ट मीटर से बिल कम आता है लेकिन जब मीटर काम ही नहीं कर रहा तो लोग परेशान हैं। लिहाजा लोनी में समस्या का समाधान ना होने पर कोई स्मार्ट मीटर ना लगाये।

# नगर निगम में नई हाउस टैक्स व्यवस्था लागू करने की तैयारी हुई तेज

## नगर निगम मुख्यालय में चल रही विशेष ट्रेनिंग, 10 दिन में सॉफ्टवेयर अपडेट के निर्देश

**तैयारी**

**नई प्रणाली लागू होने के बाद करदाताओं को स्पष्ट जानकारी और बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में हाउस टैक्स की नई संशोधित दरों को लागू करने की दिशा में नगर निगम ने तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर निगम मुख्यालय में टैक्स विभाग की विशेष ट्रेनिंग आयोजित की जा रही है, जिसमें सभी जोन की टीम को नई दरों, छूट और कैलकुलेशन प्रक्रिया की गहन जानकारी दी जा रही है। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में जोनल प्रभारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, कर निरीक्षक, लिपिक और कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन के निदेशों के अनुरूप सभी छूटों को समायोजित करते हुए हाउस टैक्स में केवल 20 से 21 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ सीमित रहे। ट्रेनिंग के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एसके राय भी मौजूद रहे। उन्होंने टीम को नई दरों के अनुसार सही कैलकुलेशन और छूट की प्रक्रिया समझाई। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि ट्रेनिंग की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि नई व्यवस्था बिना किसी परेशानी के लागू हो सके।

### करदाताओं को राहत: ज्यादा जमा टैक्स का किस्तों में समायोजन

करंट क्राइम : नगर निगम ने करदाताओं को राहत देते हुए बड़ा फैसला लिया है। तो अधिक जमा टैक्स को 3 वर्षों में तीन समान किस्तों में समायोजित किया जाएगा। इसके साथ ही, तीन माह तक 12% ब्याज नहीं लिया जाएगा, जिससे लोगों को आर्थिक राहत मिलेगी।



### जनहित में पारदर्शी टैक्स व्यवस्था की ओर कदम

करंट क्राइम : नगर निगम का यह प्रयास शहर में टैक्स व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सरल और जनहितकारी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। नई प्रणाली लागू होने के बाद करदाताओं को स्पष्ट जानकारी और बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है।

### नई दरें जल्द होंगी ऑनलाइन, 10 दिन की समयसीमा

करंट क्राइम : नगर आयुक्त ने सख्त निर्देश दिए हैं कि नई संशोधित दरों को अगले 10 दिनों के भीतर निगम के सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाए, ताकि कर निर्धारण में किसी प्रकार की त्रुटि या भ्रम की स्थिति न रहे। साथ ही, उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे नई टैक्स प्रणाली की पूरी जानकारी रखें और करदाताओं को सही व स्पष्ट जानकारी देकर जागरूक करें।

# सपा नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

## जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्षों के घर देर रात डाल दिया था पुलिस ने डेरा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गौतमबुद्ध नगर में हुई हिंसा के बाद मामले की जांच पड़ताल और हालात जानने के लिए शुक्रवार को समाजवादी पार्टी का 10 सदस्यीय डेलिगेशन गौतम बुद्ध नगर आना था। इसको लेकर पार्टी ने दिल्ली-एनसीआर और गाजियाबाद के नेताओं के साथ रणनीति बनाई थी। इस पर अंकुश लगाते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने सख्त कदम उठाए। पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद के विभिन्न थानाक्षेत्रों में रहने वाले सपा नेताओं को उनके घरों में ही हाउस अरेस्ट कर दिया। जिला अध्यक्ष फैजल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र याव और विधानसभा अध्यक्षों के घरों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया, जिससे वे नोएडा के लिए रवाना नहीं हो सके। पार्टी की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष अंशु ठाकुर और महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित सहित कई नेताओं को रात करीब 12 बजे नजरबंद किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को सपा नेताओं ने असंवैधानिक करार दिया है।

### सपा नेता बोले, विपक्ष को दबाया जा रहा है







करंट क्राइम : नेताओं का कहना है कि वे केवल पीड़ित श्रमिकों से मिलने और उनकी समस्याओं को जानने के लिए जा रहे थे, लेकिन सरकार ने उन्हें रोकने के लिए यह कदम उठाया। उनका आरोप है कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए प्रशासन का इस्तेमाल किया जा रहा है। पार्टी नेताओं ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में विरोध और श्रमिकों के हक की बात करना उनका अधिकार है, जिसे इस तरह की कार्रवाई से नहीं छीना जा सकता। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपनी नाराजगी जाहिर की और इसे लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताया। उधर सपा का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर यह प्रतिनिधिमंडल श्रमिकों के मुद्दों को उठाने जा रहा था। बावजूद इसके, पुलिस ने रात में ही नेताओं के घरों को छावनी में तब्दील कर दिया, जिससे वे बाहर नहीं निकल सके। पार्टी ने साफ किया है कि मजदूरों के हक और सम्मान की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी और इस तरह की कार्रवाई से उनकी आवाज दबाई नहीं जा सकती।



# टैक्स बढ़ोत्तरी पर संघर्ष जारी, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने फिर उठाए सवाल

## कहा, 'जटिल गणना के जरिए भ्रम पैदा करने की कोशिश'

**टैक्स संघर्ष जारी**

**आवासीय संपत्तियों पर बढ़ोत्तरी वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाती : राजेंद्र त्यागी**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में बढ़ोत्तरी को लेकर दिए गए स्पष्टीकरण पर विवाद गहराता जा रहा है। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने नगर निगम की प्रेस कॉन्फ्रेंस को भ्रामक बताते हुए कई गंभीर सवाल उठाए हैं। राजेंद्र त्यागी ने कहा कि अधिकारियों का यह दावा कि आवासीय संपत्तियों पर केवल 10 से 15 प्रतिशत की मामूली बढ़ोत्तरी हुई है, वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाता।

उन्होंने सीधा सुझाव दिया कि यदि बढ़ोत्तरी वास्तव में सीमित है, तो पुराने रेट पर ही 10से 15% वृद्धि लागू की जाए, छूट और जटिल गणना के जरिए भ्रम पैदा करने की जरूरत नहीं है। व्यावसायिक संपत्तियों को लेकर भी उन्होंने निगम के दावों पर सवाल उठाए। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी के अनुसार, 32 प्रतिशत छूट का दावा भ्रामक है, क्योंकि करीब 20 प्रतिशत छूट पहले से ही वर्षों से लागू है। इसके अलावा, कूड़ा पृथक्करण पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट को उन्होंने अव्यावहारिक बताया। सबसे अहम मुद्दा उठाते हुए राजेंद्र त्यागी ने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनावासीय संपत्तियों के रेट कारपेट एरिया के आधार पर बताए गए, जबकि कर निर्धारण वास्तव में कवर्ड एरिया के आधार पर होता है। उन्होंने दावा किया कि नगर निगम के दस्तावेज और आरटीआई जवाब भी इसी बात की पुष्टि करते हैं। प्रक्रियात्मक सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी कर संबंधी निर्णय को लागू करने से पहले नगर निगम बोर्ड और कार्यकारिणी की स्वीकृति जरूरी होती है, लेकिन यहां इस प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। राजेंद्र त्यागी ने महापौर के उस बयान का भी हवाला दिया, जिसमें मामूली वृद्धि की बात कही गई थी, और कहा कि वर्तमान निर्णय उससे मेल नहीं खाते।

साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के कर न बढ़ाने के निदेशों की भी अनदेखी की जा रही है। पूर्व पार्षद ने मांग की है कि नगर निगम जनता के सामने पूरी गणना और आधार स्पष्ट करे, ताकि भ्रम की स्थिति खत्म हो सके।

# नगर आयुक्त के दावों पर पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल का सीधा हमला

## कहा, 'जनता को भ्रमित करना बंद करें'




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम के हाउस टैक्स को लेकर चल रहा विवाद अब और तेज होता जा रहा है। हाल ही में नगर आयुक्त द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर वृद्धि को लेकर दिए गए स्पष्टीकरण के बाद शहर की राजनीति में हलचल बढ़ गई है। इस पूरे मामले पर भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने खुलकर मोर्चा खोलते हुए नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली और दावों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम पिछले दो वर्षों से छूट और गणना के नाम पर ऐसा तंत्र बना रहा है, जिससे वास्तविक टैक्स वृद्धि को छिपाकर जनता को भ्रमित किया जा रहा है।

### आवासीय और व्यावसायिक कर पर उठाए सवाल



करंट क्राइम। मित्तल ने आवासीय संपत्तियों पर दिए गए बयान को विरोधाभासी बताते हुए कहा कि 'कहीं टैक्स कम' और 'कहीं मामूली बढ़ोतरी' जैसे दावे वास्तविकता को छिपाते हैं। वहीं व्यावसायिक संपत्तियों को लेकर उन्होंने कहा कि 32% छूट का दावा भ्रामक है, क्योंकि 20% छूट पहले से ही वर्षों से लागू है और अतिरिक्त 10% छूट व्यवहारिक रूप से प्रभावी नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो रेट बताए गए, वे कारपेट एरिया के आधार पर थे, जबकि कर निर्धारण कवर्ड एरिया पर होता है, जिससे वास्तविक बोझ कहीं अधिक हो जाता है।

### प्रक्रिया और महापौर के बयान पर भी सवाल

करंट क्राइम। हिमांशु मित्तल ने कहा कि किसी भी कर निर्धारण या संशोधन को लागू करने के लिए नगर निगम बोर्ड और कार्यकारिणी की स्वीकृति आवश्यक होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया को नजरअंदाज किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि महापौर द्वारा पहले स्पष्ट किया गया था कि कर वसूली पुरानी दरों में मामूली वृद्धि के साथ होगी, लेकिन वर्तमान स्थिति उस घोषणा के विपरीत है, जिससे जनता में भ्रम की स्थिति बन रही है।

मित्तल का कहना है कि यदि वास्तव में कर में मामूली बढ़ोतरी हुई है, तो इसे सीधे और स्पष्ट रूप से लागू किया जाए, न कि जटिल फामूर्लों और छूट के जरिए जनता को गुमराह किया जाए। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि नगर आयुक्त द्वारा प्रेस वार्ता में प्रस्तुत आंकड़े जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। उन्होंने कहा कि यदि कर वृद्धि केवल 10-15% के दायरे में है, तो निगम पुराने रेट पर इतनी ही बढ़ोतरी लागू करे, जिससे स्थिति साफ हो सके और जनता भी उसे स्वीकार कर सके।

# मुकदमा दर्ज न करने पर चौकी प्रभारी पर कार्रवाई, हटाकर क्यूआरटी में भेजा गया

**लापरवाही**

**महिला से मारपीट मामले में लापरवाही पड़ी भारी, एसीपी जांच में सामने आए गंभीर आरोप**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में तैनात एक चौकी प्रभारी पर मुकदमा दर्ज करने में लापरवाही बरतना भारी पड़ गया। महिला से मारपीट के मामले में कार्रवाई न करने पर विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए संबंधित चौकी प्रभारी को उनकी पोस्ट से हटाकर क्विक रिएक्शन टीम क्यूआरटी में भेज दिया है। बताया जा रहा है कि सिटी जोन की एक चौकी पर तैनात प्रभारी ने महिला से जुड़े संवेदनशील मामले में शिकायत के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं किया। मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचने के बाद सिटी जोन की एसीपी ने जांच शुरू की। जांच के दौरान चौकी प्रभारी पर लापरवाही और कार्य में गंभीर त्रुटियां सामने आईं। जांच रिपोर्ट के आधार पर विभागीय स्तर पर कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। हालांकि, उन्हें लाइन हाजिर या निलंबित करने के बजाय क्यूआरटी में तैनाती दी गई है, जिससे विभागीय कार्रवाई को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, जिस चौकी का यह मामला है वहां की स्थिति पहले से ही संवेदनशील मानी जा रही है। यही कारण है कि फिलहाल उस चौकी पर तैनाती को लेकर




अन्य उपनिरीक्षकों में भी हिचकिचाहट देखी जा रही है। वहीं, इस पूरे प्रकरण में चौकी के दो अन्य पुलिसकर्मी भी जांच के दायरे में बताए जा रहे हैं, जिन पर आगे कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बुमराह को मिला कोच जयवर्धने का समर्थन

## बोले- हमारा गेंदबाजी आक्रामण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा



### जयवर्धने बोले- आईपीएल की शुरूआत में चोटिल थे बुमराह

श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने खुलासा किया कि आईपीएल की शुरूआत में बुमराह मामूली रूप से चोटिल थे, लेकिन अब वह पूरी तरह ठीक हो गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शुरूआत में ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि विश्व कप के दौरान उन्हें हल्की चोट लग गई थी। पिछले कुछ मैचों में उनकी गति में सुधार हुआ है। हमने इन सभी बातों को ध्यान रखा है, इसलिए वह काफी सहज महसूस कर रहे हैं। कभी-कभी किस्मत का साथ भी जरूरी होता है।

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने इस बात से चिंतित नहीं हैं कि जसप्रीत बुमराह को मौजूदा सीजन में विकेट नहीं मिला है। उन्होंने स्वीकार किया है कि टीम की गेंदबाजी एक इकाई के रूप में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रही है।

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने आईपीएल 2026 में विकेट न लेने के बावजूद जसप्रीत बुमराह का समर्थन किया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार के बाद उन्होंने स्वीकार किया है कि गेंदबाजी इकाई सामूहिक रूप से संघर्ष कर रही है। मुंबई इंडियंस को आईपीएल के मौजूदा सीजन में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है।

**बुमराह के फॉर्म ने बढ़ाई चिंता**

जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी का सबसे मजबूत और प्रमुख हथियार हैं। शुरूआती ओवर हों या डेथ ओवर, बुमराह के खिलाफ रन बनाना हमेशा मुश्किल होता है। बल्लेबाज उनके खिलाफ जोखिम नहीं लेते और अपनी विकेट बचाने की कोशिश करते हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी उनके साथ ऐसा ही होता है, लेकिन आईपीएल 2026 बुमराह के लिए बिल्कुल अलग, असाधारण और निराशाजनक साबित हुआ है। यॉर्कर किंग के नाम से मशहूर बुमराह की गेंदों पर आराम से रन बन रहे हैं। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने उनकी पहली गेंद पर छक्का लगा दिया था। सीजन के पांच मैचों में 19 ओवर फेंक कर 164 रन लुटाने वाले बुमराह को एक भी विकेट हासिल नहीं हो सका है। यह परेशान करने वाला है और मुंबई की लगातार हार का एक कारण भी है।

जयवर्धने ने कहा, बुमराह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। बस पावरप्ले में हम विरोधी टीमों पर दबाव नहीं बना पा रहे हैं। विपक्षी टीम जानती है कि बुमराह के खिलाफ ज्यादा जोखिम लेने की जरूरत नहीं है।

हमने कुछ अलग-अलग तरीके आजमाए हैं। विरोधी टीम में ऐसे तरीके आजमा रही हैं, लेकिन वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। मैं किसी एक चीज पर अंगुली नहीं उठा सकता और यह नहीं कह सकता कि उन्होंने विकेट नहीं लिया है। जयवर्धने ने हालांकि स्वीकार किया कि उनके गेंदबाज एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करके विरोधी टीमों पर दबाव नहीं बना पाए हैं। उन्होंने कहा, एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हम विभिन्न पिचों पर मिलकर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और यह कुछ ऐसा है जिस पर हमें काम करने की जरूरत है।

# वीर चोटरानी हैम्बर्ग स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, अभय-रमित और जोशना हुए बाहर




**नई दिल्ली।** विश्व में 47वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश टूनार्मेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त राफेल कंद्रा को मात दी। हालांकि, भारत के अन्य खिलाड़ियों ने निराश किया।

वीर चोटरानी ने पुरुषों के दूसरे राउंड में जर्मनी के आठवें सीड राफेल कंदरा को 3-0 से हराकर हैम्बर्ग ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यह पीएसए कांस्य पदक स्तर का इवेंट है। इस भारतीय खिलाड़ी ने शुरू से आखिर तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। उन्हें 11-8, 11-7, 11-7 से जीत हासिल करने और आखिरी आठ में पहुंचने में सिर्फ 30 मिनट लगे। चोटरानी ने कंदरा को सीधे गेम में हराकर बड़ा उलटफेर किया।

**अभय-रमित दूसरे दौर में हारे**

हालांकि, चोटरानी के हमवतन और पांचवें वरीयता प्राप्त अभय सिंह और सातवें वरीय रमित टंडन दूसरे राउंड में बाहर हो गए। सिंह इंग्लैंड के सैम टॉड से 9-11, 11-7, 4-11, 2-11 हारे। टंडन को हंगरी के बालाज फार्कास ने 10-12, 11-4, 5-11, 9-11 से हराया। सैम टॉड ने सिंह को हराने के लिए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टॉड ने कहा, मुझे पता है कि अभय हाल ही में अच्छी फॉर्म में है, क्योंकि एल गौना में उसके कुछ अच्छे परिणाम आए थे और उसने इंडियन ओपन जीता था। मुझे पता था कि आज का मैच मुश्किल होगा और मैंने उसके साथ पोंटेफ्रैक्ट में जो मेरा क्लब है कुछ बार ट्रेनिंग की है, इसलिए मैं उसका गेम अच्छी तरह जानता हूं क्योंकि हम कुछ बार साथ में खेले हैं।

महिलाओं के वर्ग में पूर्व महिला विश्व की 10वें नंबर की खिलाड़ी जोशना चिनप्पा को आठवीं वरीयता प्राप्त जोएल किंग ने हराया। किंग ने 11-9, 11-7, 9-11, 11-4 से जीत हासिल की।

स्पेन की मार्टा डोमिनगेज भी नंबर 6 सीड मैलिफ को हराने के बाद पहली बार कांस्य पदक के आखिरी आठ में खेलेंगी। डोमिनगेज ने लगातार छह हार का सिलसिला खत्म करते हुए 11-7, 9-11, 11-5, 11-3 से जीत हासिल करके अपने पहले क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई।

# फुटबॉल के लिए बचपन में ही छोड़ दी पढ़ाई

## क्राई-बेबी कैसे बना दुनिया का बेहतरीन फुटबॉलर




**नई दिल्ली।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो यूं ही रातों रात स्टार नहीं बन गया। रोनाल्डो का स्टारडम तो हर किसी ने देखा है लेकिन उनके स्टार बनने की कहानी काफी दिलचस्प है। उनकी सफलता की राह कांटों भरी रही जिसे उन्होंने ना सिर्फ पार किया बल्कि मुकाम तक भी पहुंचाया।

दुनिया के बेहतरीन फुटबॉलर में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो यूं ही रातों रात स्टार नहीं बन गया। रोनाल्डो का स्टारडम तो हर किसी ने देखा है लेकिन उनके स्टार बनने की कहानी काफी दिलचस्प है। उनकी सफलता की राह कांटों भरी रही जिसे उन्होंने ना सिर्फ पार किया बल्कि मुकाम तक भी पहुंचाया।

रोनाल्डो का जन्म 5 फरवरी 1985 को पुर्तगाली द्वीप मदीरा की राजधानी फुंचाल के साओ पेड्रो पैरिश में हुआ। उनका पूरा नाम क्रिस्टियानो रोनाल्डो डॉस सैंटोस एवेइरो है। उनकी मां मारिया हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में कुक और सफाई कर्मी के तौर पर काम करती थीं जबकि पिता जोस डिनिस एवेइरो सैंटो एंटोनियो के जुंटा डे फ्रेगेशिया में नगर निगम के माली थे। यही नहीं वो फुटबॉल क्लब एंडोरिन्हा के लिए पार्ट टाइम किट मैन का काम भी करते थे। रोनाल्डो के पिता नहीं चाहते थे कि रोनाल्डो का जन्म हो। वह अपने सभी भाई-बहनों के साथ एक ही कमरे में जीवन व्यतीत करते थे और बेहद अभाव में उनका बचपन बीता। रोनाल्डो ने 7-8 साल की उम्र में ही फुटबॉल खेलना शुरू किया और बचपन में 1992 से 1995 तक एंडोरिन्हा के लिए खेले जहां उनके पिता किट मैन थे। 1997 में रोनाल्डो जब 12 साल के हुए तब स्पोर्टिंग सीपी के साथ तीन दिन के ट्रायल पर गए जिसने उन्हें 1500 पाउंड की फीस पर साइन किया। इसके बाद वो मदीरा से लिस्बन चले गए ताकि स्पोर्टिंग सीपी के यूथ सिस्टम में शामिल हो सकें। महज 14 साल की उम्र में रोनाल्डो ने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और पूरी तरह फुटबॉल पर अपना फोकस कर लिया। हालांकि, रोनाल्डो की जिंदगी इसके बाद भी आसान नहीं रही।

# अजेय चल रही पंजाब किंग्स का अंक तालिका में दबदबा

| स्थान | टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | NRR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | +1.067 |
| 2 | आरसीबी | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | +1.503 |
| 3 | राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | +0.889 |
| 4 | हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | +0.576 |
| 5 | दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.322 |
| 6 | गुजरात | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7 | लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 8 | सीएसके | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9 | मुंबई | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |
| 10 | केकेआर | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | -1.383 |

### सबसे सफल टीमों का बुरा हाल

आईपीएल की तीन सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), इन तीन टीमों का हाल इस सीजन बेहाल है। अंक तालिका में ये तीन टीमें क्रमश: आठवें, नौवें और 10वें स्थान पर मौजूद हैं। केकेआर का तो पांच मैचों के बाद भी खाता नहीं खुल सका है, जबकि मुंबई की टीम पहला मैच जीतने के बाद लगातार चार मुकाबले गंवा चुकी है। सीएसके ने हालांकि, अपने पिछले दो मैच जीते हैं, लेकिन उसका प्रदर्शन अपेक्षा के अनुसार नहीं रहा है।




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में अब तक 24 मुकाबले खेले जा चुके हैं। पंजाब किंग्स की टीम अजेय बनी हुई है और अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद है।

आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स का धमाकेदार प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पंजाब ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत हासिल कर पहले स्थान पर पहुंच गई है। पंजाब के पांच मैचों में नौ अंक हो गए हैं।

मुंबई ने क्विंटन डिकॉक की नाबाद 60 गेंदों पर सात छक्कों और आठचौकों की मदद से खेली नाबाद 112 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 195 रन बनाए थे। पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन सिंह के 39 गेंदों पर नाबाद 80 और कप्तान श्रेयस अय्यर के 35 गेंदों पर बनाए 66 रनों की मदद से 16.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 198 रन बनाकर मैच सात विकेट से जीत लिया।

### पांच टीमों के एक समान अंक

अब तक खेले गए मुकाबले के हिसाब से गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीमें बेहद मजबूत दिख रही हैं। पंजाब अब तक अजेय बनी हुई है और उसने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया है। पंजाब की टीम पांच मैचों में नौ अंक लेकर शीर्ष पर मौजूद है, जबकि आरसीबी की टीम आठ अंकों के साथ दूसरे और राजस्थान भी इतने अंक लेकर तीसरे नंबर पर है। सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपर जाएंट्स और सीएसके की टीमों के एक समान चार-चार अंक हैं। लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण सनराइजर्स चौथे स्थान पर है।

ऑरेंज कैप विराट कोहली के पास ही है। आरसीबी के कोहली ने पांच मैचों में 228 रन बनाए हैं। इस सूची में दूसरे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिच क्लासेन हैं जिन्होंने पांच मैचों में 224 रन बनाए हैं। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के पास पर्पल कैप बरकरार है। प्रसिद्ध ने चार मैचों में 10 विकेट लिए हैं।

# क्या ज्यादा गंभीर है रोहित शर्मा की चोट? कोच जयवर्धने ने दिया अपडेट, हार्दिक पर कही ये बात




**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में नहीं खेले थे। रोहित पिछले मैच में चोटिल हो गए थे। अब मुंबई के कोच महेला जयवर्धने ने रोहित की चोट को लेकर अपडेट दिया है।

मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2026 की शुरूआत उम्मीद के अनुरूप नहीं रही है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पहला मैच जीतने के बाद टीम को लगातार चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है और टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। टीम के लिए चिंता की बात यह भी है कि उसके स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा चोटिल हो गए हैं और वह पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से बाहर रहे थे।

**आरसीबी के खिलाफ चोटिल हुए थे रोहित**

पंजाब के खिलाफ मैच से पहले मुंबई इंडियंस का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हुआ था। इस मैच में हिटमैन दूसरी पारी के दौरान हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझते नजर आए थे और रन-चेज के छठे ओवर में ही उन्हें चोट के कारण अपनी पारी बीच में ही छोड़नी पड़ी थी। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने बताया था कि पंजाब के खिलाफ रोहित को आराम दिया गया है। उनकी वापसी फिलहाल निश्चित नहीं है। हार्दिक ने कहा था, उन्हें यह देखने में कुछ मैच लगेंगे कि वह फिलहाल किस स्थिति में हैं।

**रोहित पर दबाव नहीं डालना चाहता टीम प्रबंधन**


अब टीम के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने भी रोहित की फिटनेस पर अपडेट दिया है। मुख्य कोच ने कहा कि रोहित शर्मा की चोट गंभीर नहीं है और टीम प्रबंधन उन्हें ज्यादा दबाव में नहीं रखना चाहता क्योंकि टूनार्मेंट अभी शुरूआती दौर में है। जयवर्धने ने कहा, रोहित ने बुधवार से दौड़ना शुरू कर दिया है, बल्लेबाजी भी की है। हम हर दिन उनकी प्रगति का आकलन कर रहे हैं। उनकी चोट गंभीर नहीं है लेकिन साथ ही, हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते और अभी सत्र की शुरूआत है।

जयवर्धने ने इस बात को नकार दिया की टीम की लगातार चौथी हार से कप्तान हार्दिक पांड्या दबाव में हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह सिर्फ हार्दिक की जिम्मेदारी है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है। जब हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं, तो यह किसी एक व्यक्ति की गलती नहीं होती, बल्कि यह पता करना मेरी और टीम प्रबंधन में शामिल हर व्यक्ति की जिम्मेदारी होती है कि हम बेहतर प्रदर्शन कैसे कर सकते हैं।

# अर्शदीप का लकी चार्म! पंजाब-मुंबई मैच के दौरान दिखी ये मिस्ट्री गर्ल कौन

## तेज गेंदबाज से जुड़ रहा नाम



**मुंबई।** मुंबई के खिलाफ पंजाब की जीत में अर्शदीप सिंह का अहम योगदान रहा। उन्होंने तीन विकेट लेकर मुंबई के बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। इस दौरान उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड समरीन कौर को भी स्टैंड्स में देखा गया।

आईपीएल में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मुकाबले में जहां एक तरफ अर्शदीप सिंह ने अपनी शानदार गेंदबाजी से टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई, वहीं दूसरी तरफ स्टेडियम में मौजूद एक मिस्ट्री गर्ल ने भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। मैच के दौरान कैमरा बार-बार उस लड़की पर गया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने दावा करना शुरू कर दिया कि वह कोई और नहीं बल्कि पंजाबी एक्ट्रेस और मॉडल समरीन कौर हैं।

**समरीन ने सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीरे:** दरअसल, समरीन कौर ने खुद भी मैच से जुड़ी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिसके बाद इन अटकलों को और हवा मिल गई। फैंस का मानना है कि वह अर्शदीप सिंह की रूमर्ड गर्लफ्रेंड हैं।

**अर्शदीप ने साझा की थी तस्वीर**

अर्शदीप का हाल ही में स्नैपचैट वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह एक मिस्ट्री गर्ल का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया था।

**अर्शदीप के साथ दिखीं समरीन**

हाल ही में अर्शदीप और समरीन को साथ में स्पॉट किया गया था। वायरल वीडियो आईपीएल का बताया गया, क्योंकि अर्शदीप के पीछे पंजाब की टीम बस खड़ी दिख रही है। अर्शदीप भी सामान के साथ हैं, यानी वीडियो टीम ट्रैवल के दौरान की है। अर्शदीप के साथ समरीन खड़ी हैं और अर्शदीप कुछ क्यूट से जेस्चर बनाते हैं और समरीन उस पर हंसने लगती हैं। इसके बाद समरीन से मिलने कोई महिला आती है और समरीन उनसे गले मिलती दिखती हैं। इसके बाद अर्शदीप और वो फिर से बात करने लग जाते हैं।

समरीन कौर एक पंजाबी एक्ट्रेस और मॉडल हैं, जो 2018 की मिस इंडिया फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। वह मूल रूप से जम्मू-कश्मीर की रहने वाली हैं और उन्होंने पुणे के सिम्बायोसिस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स से पढ़ाई की है। समरीन ने कई म्यूजिक वीडियो, हिंदी और पंजाबी फिल्मों में काम किया है और अपनी अलग पहचान बनाई है। समरीन कौर ने 83 में रणवीर सिंह के साथ काम किया था। इसके अलावा वह 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' में भी नजर आ चुकी हैं।

# एलेन की जगह सीफर्ट को मौका देगी केकेआर

## गुजरात के खिलाफ जीत का खाता खोलना नहीं आसान




### इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11:

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, राशिद खान, कगिसो रबाडा, अशोक शर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा।

**केकेआर:** फिन एलेन, सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, रोवमैन पॉवेल, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी।

**अहमदाबाद।** लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम शुक्रवार को आईपीएल में शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी।

गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच शुक्रवार को आईपीएल 2026 का 25वां मुकाबला खेला जाएगा, जिसमें केकेआर का लक्ष्य जीत का खाता खोलना होगा। यह मैच अहमदाबाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा। आईपीएल 2026 में केकेआर ने अब तक पांच मैच खेले हैं, जिसमें चार मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में इस सीजन नाइट राइडर्स का एकमात्र अंक ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हुए मैच से आया है।

### पथिराना अब तक टीम से नहीं जुड़े

केकेआर को बल्लेबाजी में कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी से उम्मीदें होंगी। गेंदबाजी में वैभव अरोड़ा और सुनील नरेन कोलकाता नाइट राइडर्स की आस होंगे। केकेआर के लिए फिन एलेन अब तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम गुजरात के खिलाफ टिम सीफर्ट को मौका देने पर विचार करती है या नहीं। केकेआर के लिए दिक्कत की बात यह भी है कि मथीशा पथिराना एनओसी मिलने के बावजूद अब तक टीम से नहीं जुड़ सके हैं और वह इस मैच में खेल नहीं पाएंगे।

### गिल पर रहेगी नजरें

गुजरात टाइटंस आईपीएल के अपने अगले मैच के लिए घरेलू मैदान लौट रही है। यह टीम चार में से दो मुकाबले गंवाकर अंक तालिका में छठे स्थान पर मौजूद है। पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शुरूआती दो मुकाबले गंवाने के बाद गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के विरुद्ध मुकाबले अपने नाम किए थे। इस मुकाबले में गुजरात टाइटंस को बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन से खासा उम्मीदें होंगी। वहीं, गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान इस टीम को मजबूती देते हैं।

गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच अब तक कुल पांच मैच खेले गए हैं, जिसमें गुजरात का पलड़ा भारी रहा है। गुजरात ने तीन मुकाबले अपने नाम किए हैं, जबकि एक मैच केकेआर के पक्ष में रहा। वहीं, एक मुकाबला बेनतीजा रहा है।

आईपीएल 2026 के प्रसारण अधिकार स्टार स्पोर्ट्स के पास है और दर्शक इसके मुकाबले स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों पर देख सकेंगे। इसके अलावा मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार एप पर होगी।

# लगातार चौथी हार से हताश हुए कप्तान हार्दिक, पंजाब को दिया जीत का श्रेय



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। मुंबई की इस सीजन यह लगातार चौथी हार है। लगातार हार से टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या हताश हो गए हैं।

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ सात विकेट की हार के बाद विरोधी टीम को जीत का श्रेय देते हुए कहा कि उनके पास अपने खराब प्रदर्शन पर कहने के लिए अधिक कुछ नहीं है और उन्हें बैठकर देखना होगा कि खामियां कहां हैं। मुंबई की मौजूदा सीजन में यह लगातार चौथी हार है और टीम अंक तालिका में दो अंक लेकर नौवें स्थान पर मौजूद है।

**पंजाब ने आसानी से हासिल किया लक्ष्य**

पंजाब किंग्स की टीम मुंबई के 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन की 39 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 80 रन की पारी और कप्तान श्रेयस अय्यर (66 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी की बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पहले मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेलने वाले क्विंटन डिकॉक ने 60 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा नमन धीर (50 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की जिससे मुंबई इंडियंस ने छह विकेट पर 195 रन बनाए। ये दोनों उस समय साथ आए जब टीम 12 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।

पांड्या ने मैच के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास कहने के लिए अधिक कुछ नहीं है। हमें बैठकर विचार करने की जरूरत है कि हम कहां पिछड़ रहे हैं, चाहे वह व्यक्तिगत खिलाड़ी हों, टीम हो, या हमारी योजना और काम करने का तरीका हो। इसे ठीक करना होगा। पांड्या ने पंजाब किंग्स को जीत का श्रेय देते हुए कहा, पंजाब किंग्स को इसका श्रेय जाता है। गेंद रिवर्स स्विंग करने लगी थी। दूसरी पारी में ओस भी गिरी। अब हमें यह देखना होगा कि क्या हमें कुछ कड़े फैसले लेने की जरूरत है या फिर हमें इसी तरह आगे बढ़ते हुए हालात को पलटने की कोशिश करनी चाहिए।

18 April -26 page 6 17-04-2026 21:58 Page 1






# आरकेजीआईटी में 'हैकवाट्र्स 2026' का सफल आयोजन






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गीक्स फॉर गीक्स कैंपस बॉडी के सहयोग से 'हैकवाट्र्स 2026' हाइब्रिड हैकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संकाय समन्वयकों डॉ. गगनजोत कौर एवं राहुल शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 400 से अधिक पंजीकरण हुए, जिनमें से 100 से अधिक प्रतिभागी फाइनल चरण तक पहुंचे। प्रतिभागियों ने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए, जिनका उद्देश्य एम वी पी निर्माण एवं गिटहब के माध्यम से व्यावहारिक उपयोग था।

प्रतियोगिता में शैडो सिंडिकेट टीम (परम राज सिंह, विवेक चौहान, मोहम्मद फैज, मोहम्मद कैसर आलम) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लेजीकोडर्स टीम (अरविंद कुमार, ओम कुशवाहा, ऋषभ पाल) ने द्वितीय स्थान तथा कोडक्लैश टीम (आदित्य कुमार झा, सलोनी त्यागी, अभिषेक शर्मा) ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंघल ने छात्रों को नवाचार एवं तकनीकी उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया।

साथ ही अक्षत गोयल (उपाध्यक्ष), डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (समूह सलाहकार), डॉ. डी. के. चौहान (कार्यकारी निदेशक), डॉ. आर. के. यादव (डीन - शैक्षणिक), डॉ. रामेंद्र सिंह (डीन - आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ), एच. जी. गर्ग (डीन - छात्र कल्याण) एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी प्रतिभागियों व आयोजन टीम को शुभकामनाएं दीं। यह हैकाथॉन छात्रों के लिए नवाचार, सहयोग और तकनीकी कौशल को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ।

# सी.एस.एच.पी. पब्लिक स्कूल का सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, वंशिका चौहान ने किया टॉप




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रताप विहार स्थित सी.एस.एच.पी. पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में शत-प्रतिशत परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। इस वर्ष वंशिका चौहान ने 97% अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, अनिका श्रीवास्तव (96%) दूसरे और दिव्यम चौहान (94.4%) तीसरे स्थान पर रहे।

विषयवार प्रदर्शन में आईटी विषय में पृथ्वी राज सिरोही और अभय सिंह ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर कीर्तिमान रचा। अन्य मेधावियों में शिवम, ओम प्रकाश और पिहु सिंह ने भी 94% अंक पाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता और प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे शिक्षकों के मार्गदर्शन और बच्चों के कड़े परिश्रम का फल बताया। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# हापुड़ रोडवेज डिपो को पांच मिनी बसों की मिली सौगात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** परिवहन निगम द्वारा यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण मार्गों पर भी बसों का संचालन किया जा रहा है। गांव से शहर तक का सफर सुगम बनाने के लिए हापुड़ रोडवेज डिपो को परिवहन निगम से पांच नई मिनी बसों की सौगात मिली है। हापुड़ रोडवेज डिपो से लखनऊ, बरेली, सीतापुर, मुरादाबाद, बरेली, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, किठौर, मोदीनगर सहित विभिन्न मार्गों पर अनुबंधित और निगम की 131 बसों का संचालन होता है। शहर के साथ ही ग्रामीण मार्गों पर भी बसों का संचालन किया जा रहा है। गांव से शहर तक का सफर सुगम बनाने के लिए नए ग्रामीण मार्गों को चिह्नित कर मिनी रोडवेज बसों का संचालन कराया जाएगा।

# सिद्धार्थ विहार में तलवार से हमला

## पड़ोसी का कान काटा, आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिद्धार्थ विहार इलाके में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने अपने ही पड़ोसी युवक पर तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में युवक का कान कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी और पीड़ित दोनों एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। आरोपी का आरोप है कि घायल युवक उसकी पत्नी पर गलत नजर रखता था और आए दिन उस पर फब्तियां कसता था। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने इस खौफनाक घटना को अंजाम दिया।

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी युवक पर अचानक हमला करता दिखाई दे रहा है। हमले के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं, त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज को भी साक्ष्य के तौर पर शामिल किया गया है। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।

# पूर्व मंत्री ने मांगी माफी, भाकियू का प्रदर्शन समाप्तः हापुड़ से अलीगढ़ तक चला विवाद



**हापुड़।** हापुड़ में पूर्व मंत्री मदन चौहान और भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के बीच चल रहा विवाद शुक्रवार को पूर्व मंत्री द्वारा खेद प्रकट करने के बाद शाम को मामला शांत हो गया। यह हंगामा हापुड़ से अलीगढ़ तक फैल गया था, जिसके दौरान पुलिस अलर्ट पर रही।

अपशब्द बोलने पर हुआ था विवाद विवाद की शुरूआत 13 अप्रैल को बहादुरगढ़ इलाके में एक ढाबे के उद्घाटन के दौरान हुई थी। उस समय, पूर्व मंत्री मदन चौहान और भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप के बीच भाजपा नेताओं को अपशब्द कहने को लेकर तीखी नोकझोंक हुई थी। जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया था।

दोनों पक्षों के समर्थक जुटे शुक्रवार को भाकियू (भानु गुट) ने पूर्व मंत्री के आवास पर विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की थी। इसके जवाब में पूर्व मंत्री ने सद्बुद्धि के लिए एक हवन का आयोजन किया। आक्रोशित भीड़ को रोकने के लिए गढ़मुक्तेश्वर में पुलिस ने पूर्व मंत्री के आवास पर कड़ी नाकेबंदी की।

अलीगढ़ और हाथरस से आ रहे किसानों को रोकने के प्रयास में अलीगढ़ और खुर्जा में किसानों ने हंगामा किया, पुलिस पर हमला किया और तोड़फोड़ की। कुछ किसानों ने एक दरोगा पर गाड़ी चढ़ाने का भी प्रयास किया।

माफी के बाद निपटा मामला हंगामे के बीच, पूर्व मंत्री और भाकियू अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप के बीच फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान पूर्व मंत्री ने अपने शब्दों के लिए खेद प्रकट किया। इसके बाद, भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष भी धरना स्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व मंत्री के माफी मांगने की जानकारी समर्थकों को दी।

इसके साथ ही एडीएम संदीप कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन समाप्त कर दिया। उधर, एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि कुछ मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। अधिकारियों द्वारा बातचीत कर इन मांगों को पूरा कराया जाएगा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के गिर जाने से सरकार का अहंकार टूट गया: कांग्रेस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के गिर जाने पर कांग्रेस ने सरकार पर कटाक्ष किया है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि लोकसभा में दो तिहाई बहुमत नहीं मिलने पर बिल का गिर जाना दरअसल केंद्र सरकार के अहंकार का टूट जाना है। केंद्र सरकार को इस बात का अहंकार हो गया था कि वह जो चाहेगी वह कर दिखाएगी, लेकिन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने जिस तरह बिल के खिलाफ एक जूटता दिखाई है उसे सरकार को समझ में आ गया है कि उसकी मनमानी नहीं चलेगी। कांग्रेस ने हमेशा से महिला सशक्तिकरण का समर्थन किया है। कांग्रेस का मानना है कि महिलाओं को और सशक्तिकरण बनाया जाना चाहिए। इसके लिए कांग्रेस ने हमेशा से प्रयत्न किया है। कांग्रेस महिलाओं को आरक्षण देने का विरोधी नहीं है लेकिन इस उद्देश्य के पीछे जो भाजपा की गंदी राजनीति है, उसको कांग्रेस और विपक्षी दलों ने बेनकाब कर दिया है। दरअसल भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के पक्ष में नहीं है। सरकार ने महिलाओं को आरक्षण देने के बहाने डीलिमिटेशन का बिल पास करना चाहती थी जिसे विपक्षी दलों ने समझ लिया।

इसके वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति को अधिकार देने का कोई भी पार्टी विरोध में नहीं है। लेकिन इस बिल के पीछे सरकार और भाजपा दक्षिण के राज्यों के अधिकारों को खत्म करना चाहती है, जो कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों को किसी भी तरह से स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना चाहती है तो फिर इस बिल में डीलिमिटेशन का प्रावधान क्यों शामिल किया है। महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभा में आरक्षण देने के लिए सीटों की संख्या बढ़ाने का औचित्य समझ में नहीं आता। कांग्रेस वर्तमान बिल के प्रारूप को स्वीकार नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को आरक्षण तो देना चाहती है, साथ ही डीलिमिटेशन कर उत्तर भारत के राज्यों में लोकसभा और राज्य विधानसभा की सीटें बढ़ाना चाहती है ताकि 2019 में भाजपा फिर से अपनी सरकार बना सके।

कांग्रेस नेता विजय चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार बिना विपक्ष को भरोसा लिए ही बिल को पास करना चाहती थी जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा इस तरह के महत्वपूर्ण बिलों को कांग्रेस को भरोसा में लिए बिना लाने का परिणाम ऐसा ही होगा। कांग्रेस हमेशा से महिलाओं को आरक्षण देने का पक्षधर रही है। लेकिन बिल के पीछे छिपे मकसद को समझना होगा। केंद्र सरकार परिसीमन कर लाभ लेना चाहती है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। आज लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार की सारी पोल पट्टी खोल दी है। सरकार के पास राहुल गांधी के सवालों का कोई जवाब नहीं है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम का किया समर्थन, भाजपाइयों ने निकाली रैली




**गाजियाबाद,।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपाइयों ने नगर में बाइक रैली निकाली। शुभारंभ विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिला सशक्तीकरण को लेकर लगातार प्रयत्नशील है।

रैली नगर के मीरा रेती चौक से शुरू होकर सुभाष गेट, रविदास चौक, तहसील मुख्यालय के सामने से होते हुए आंबेडकर पार्क पर पहुंच कर संपन्न हुई। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने भी भागीदारी की। भाजपा जिला मंत्री संगीता पुरुषोत्तम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है, जो सराहनीय है। विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने कहा कि बाइक रैली के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मिशन इंद्रधनुष समेत अन्य योजनाएं चलाई जा रही हैं। बालिका शिक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। विधायक ने लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, शासन और भाजपा की नीतियों के बारे में भी बताया। इस दौरान लता केवट, पिंकी त्यागी, रामौतार राजोरा, हरीशु पुरुषोत्तम आदि मौजूद रहे।

# नहीं लगा लापता किशोर का सुराग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदीनगर के विजयनगर की गली नम्बर 2 में रहने वाले रमेश रोहेला का 13 वर्षीय सुपुत्र आर्यन रोहेला घर से लापता है। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट मोदीनगर थाने में दर्ज करायी गयी है। आर्यन रोहेला 14 अप्रैल को लगभग रात्रि 8 बजे पास की दुकान से कुछ खाने का सामान लेने गया था। उसक बाद से ही आर्यन वापस नहीं लौटा। आर्यन रोहेला ने लाल नीले रंग की टी शर्ट और ब्राउन कलर का लोवर पहना है। सभी जगह तलाश की गयी है लेकिन आर्यन का कुछ पता नहीं चला है। परिजन तलाश कर रहे हैं और पुलिस ने भी इस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर लापता बालक की तलाश शुरू कर दी है।



CANDIDATE NAME
NICKY KUMARI
MOTHER'S NAME
NITU JHA
FATHER'S NAME
VINOD KUMAR JHA
DATE OF BIRTH
26/03/2010
SCHOOL NAME
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO 1 AFS HINDON GHAZIABAD UP

| S.CODE | SUBJECT | TH | IA/PRAC. |
|---|---|---|---|
| 101 | ENGLISH (COMMUNICATIVE) | 077 | 020 |
| 002 | HINDI COURSE-A | 077 | 020 |
| 041 | MATHEMATICS STANDARD | 066 | 020 |
| 086 | SCIENCE | 076 | 020 |
| 087 | SOCIAL SCIENCE | 078 | 020 |
| 417 | ARTIFICIAL INTELLIGENCE | 047 | 050 |

Name - Nicky Kumari
Class 10th
Percentage - 97
School name - PM SHRI kendriya vidyalaya no.1 air force station hindan ghaziabad 201004




Siddhi Verma
95.2%
Vanasthali Public School Sector 3, Vasundhara Ghaziabad



yug garg
School name DPS greater noida ,
scored 87% in class 10



Name : Chanakya Attrey
School : GD Goenka Indirapuram
Marks 96%



Siddhi Agarwal
Class 10 th DPSG
Merrut road
Scored 90% in 10th board CBSE

# एसएस इंटरनेशनल स्कूल खोड़ा में जश्न का माहौल




**दसवीं में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन**


**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा - दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद एसएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में जश्न का माहौल रहा। छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। स्कूल में सूर्यांश पांडे ने 96% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं राशि दुबे व पथिक राज श्रीवास्तव 91% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। हर्ष ने 90% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्ण झा को 88% अंक मिले। स्कूल के डायरेक्टर देवेंद्र यादव और प्रधानाचार्या ने छात्रों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। यह उपलब्धि शिक्षकों, छात्रों की कड़ी मेहनत और स्कूल की प्रशासनिक कुशलता को दर्शाती है।

प्रधानाचार्या ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से अपने सपनों को साकार करें। आपकी सफलता आपके कठिन परिश्रम का परिणाम है। आप देश का भविष्य हैं, नई ऊंचाइयों को छुएं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।




# कमिश्नरेट वाले इफैक्ट ने बढ़ा दिया है सस्पेंस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमिश्नरेट इफेक्ट के कारण सस्पेंस बढ़ता जा रहा है। बीते लगभग एक महीने से अधिक का समय बीत गया है नदिया पार में कोई भी नई पोस्टिंग नहीं हो पा रही है। तो सिटी वाले साहब ही डबल चार्ज संभाल रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी मिली है की लाइन में 20 तारीख को होने वाली परेड पर भी सस्पेंस बना हुआ है, कहा जा रहा है कि अगर कमिश्नरेट वाला मामला शांत नहीं होता है, तो यह डेट आगे की शिफ्ट हो सकती है। अब सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से इस वाले मामले में एक के बाद एक कमिश्नरेट और जिलों से फोर्स आ रहा है, उसको लेकर संवेदनशीलता बढ़ती जा रही है। हालांकि पहले दिन के बाद हिंसा का आक्रामक रूप देखने को नहीं मिला है लेकिन वहां के हालात लगातार बदलाव वाले हो रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ना ही आईपीएस अधिकारी आ रहे हैं और ना ही पीपीएस आ रहे हैं। गाजियाबाद कमिश्नरेट से एक सर्किल खाली हो चुका है। तो दो सर्किल कब खाली हो जाएं कहां नहीं जा सकता है। अब बताया जा रहा है कि एक सर्किल तो नदिया पार का है और दूसरा सर्किल देहात वाले जोन का है। देखना होगा कि अगर यह दो सर्किल भी खाली हो जाते हैं, तो आने वाले दिनों में यहां किसकी पोस्टिंग होगी। कौन एसीपी स्तर का अधिकारी सबसे खास वाले जोन में जाएगा और कौन हॉट सीट संभालेगा। इन सबके बीच सूत्र बता रहे हैं कि अगर बराबर वाले कमिश्नरेट के हाल और हालात नहीं सुधरे तो इस वाले कमिश्नरेट के कई मामले लेट हो सकते हैं। उधर जिस तरीके से सिटी वाले एक थाने में बड़े खाने का आयोजन होना था वह भी लेट चल रहा है। बताया जा रहा है कि निर्माण वाला कार्यक्रम लगभग फाइनल की ओर है लेकिन मामला थोड़ा इन दिनों संवेदनशील चल रहा है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जब तक एसीपी स्तर के अधिकारियों को रिप्लेस नहीं किया जाएगा और उनके स्थान पर नए फेस एडजस्ट नहीं होंगे, तब तक थाना प्रभारी वाली लिस्ट भी वेटिंग रहेगी। तो 23 बैच वालों का भी भला होने की संभावना में देरी सुनाई दे रही है और यह भी जानकारी मिली है कि जो दो साल एक जोन में पूरा कर चुके हैं, उनका नंबर भी जल्द आ सकता है। कुल मिलाकर देखना होगा कि अप्रैल की कौन-सी तारीख इन सब बदलाव के लिए फिक्स होती है।



# पीएनजी धारक नहीं कर रहे एलपीजी सरेंडर

**हापुड़।** नियमों को ताक पर रखकर जिले में पीएनजी कनेक्शन दिए गए। अब अमेरिका-इस्राइल और ईरान युद्ध के बीच एलपीजी की बढ़ी किल्लत के बाद भी शासन के आदेशों को दरकिनार कर दिया गया है। यह 6363 पीएनजी कनेक्शन धारक अब एलपीजी के कनेक्शन तक सरेंडर नहीं कर रहे हैं, जबकि शासनादेश है कि इन कनेक्शन धारकों को एलपीजी की आपूर्ति न की जाए। इसके बाद भी जिले में एलपीजी की आपूर्ति इन पीएनजी कनेक्शन धारकों को जारी है, जो अब चिंता का विषय बन गया है। हापुड़ में मोहल्ला शिवपुरी, श्रीनगर, रेवती कुंज, देवलोक कॉलोनी, रेलवे रोड, पंजाबी कॉलोनी, त्यागी नगर, न्यू शिवपुरी, कलक्टर गंज सहित कुछ मोहल्लों के घरों में आईजीएल कंपनी के कनेक्शन हैं। इसी प्रकार पिलखुवा के कुछ मोहल्लों के भवनों में पीएनजी की आपूर्ति पाइपलाइन के जरिये हो रही है।

# विकास की रोशनी से जगमगाएंगे वार्ड 83 के पार्क और चौराहे



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने क्षेत्र के विकास को गति देते हुए दो नई हाई मास्ट लाइटों का उद्घाटन किया। पहला उद्घाटन राजेंद्र नगर सेक्टर-3 के जागृति पार्क में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। इसके पश्चात, श्याम पार्क एक्सटेंशन के सी-ब्लॉक स्थित तिराहे पर दूसरी लाइट का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर पार्षद ने स्थानीय निवासियों का स्वागत लड्डू खिलाकर और फूल-मालाओं से किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों की गति निरंतर जारी रहेगी। क्षेत्रीय जनता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इन लाइटों से सुरक्षा और रोशनी की व्यवस्था बेहतर होगी। इन अवसर पर सुभाष गोस्वामी, महेश चंद राठी, संजय राणा और डॉ. अनिल शर्मा आदि लोग लोग उपस्थित रहे।

# 19 अप्रैल को राजनगर एक्सटेंशन में मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन की फॉरच्यून रेजिडेंसी के क्लब में 19 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव प्रतिवर्ष की भाँति मनाया जाएगा, जिसमें भजन संध्या, मनमोहन झांकियां, फूलों की होली के पारिवारिक मंगल मिलन कार्यक्रम होगा। जिसमें 500 से अधिक परिवार शामिल होंगे।

अभिषेक शर्मा को सर्वसम्मति से भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति का अध्यक्ष चुना गया। 2026 से 2028 की कमेटी मै संरक्षक आशुतोष तिवारी, राजन त्रिपाठी, देवेन्द्र चौबे, एन के शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष भारद्वाज, विवेक शर्मा, सुभाष पांडे, विशाल गौर, अभिनव पांडे, आदित्य पंडित, सचिव बिजेंद्र विद्रोही, सह सचिव अरविंद भारद्वाज, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी, सह कोषाध्यक्ष पवन, महामंत्री बी पी उपाध्याय, अभिषेक पांडे, सौरभ शर्मा, विशाल शर्मा, प्रवक्ता वैभव शर्मा, पद्माकर मिश्रा, लेखा निरीक्षक ब्रज भूषण शर्मा, प्राचार प्रभारी केके पांडे, मीडिया प्रभारी सुजीत झा पदाधिकारी बनाये गये। समिति मै 500 से अधिक सामान्य सदस्य है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने जीवन के सफर के हमसफर को अपनी मैरिज एनिवर्सरी पर बहुत ही खूबसूरत शब्दों में साझा किया। 34 वर्षों का सफर और कायदे में रहने का क्रेडिट अपनी हमसफर यानी जीवन साथी को दिया। संस्कारों का ये असर कि 34 वर्षों की इस खुशी में अपने पूजनीय माता पिता को याद करना नहीं भूले। आभार ऐसा कि हर शब्द में अपनी जीवन साथी के प्रति कृतज्ञ हुए। मां की तरह देखभाल करने वाली अपनी पत्नी को मैरिज एनिवर्सरी को समरकूल चेयरमैन ने शुभकामनायें दी। मैरिज एनिवर्सरी की इस खुशी को उन्होंने फेस बुक पर साझा किया। बधाईयों का लम्बा सिलसिल चलता रहा। शब्दों के अहसास से 34 वर्षों के मधुर सफरनामे को, एक रिश्ते को साझा करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया दोस्त

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत को शानदार बताया और उन्हें अपना दोस्त कहा। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के युद्ध और तेल आपूर्ति के संकट पर चर्चा की। ट्रंप ने तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल बनने पर भी बधाई दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फोन पर बात की। पीएम मोदी ने साथ अपनी बातचीत को ट्रंप ने बहुत अच्छा बताया है। ट्रंप ने मोदी को अपना एक अच्छा दोस्त कहा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर विस्तार से चर्चा हुई। ट्रंप ने यह बात वॉशिंगटन में पत्रकारों से कही। वह उस समय लास वेगास में एक बैठक के लिए जा रहे थे।

**पश्चिम एशिया संकट पर भी हुई बात:** इस बातचीत में दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के ताजा हालात पर चर्चा की। वहां अमेरिका और इस्राइल का ईरान के साथ युद्ध चल रहा है। हालांकि, सात अप्रैल को दोनों पक्षों के बीच दो हफ्ते के लिए युद्ध विराम हुआ था।

# डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को लगा झटका

## प्रतिनिधि सभा ने पारित किया हैती प्रवासियों की सुरक्षा से जुड़ा बिल

**यरूशलम।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने हैती प्रवासियों की सुरक्षा से जुड़ा विधेयक पारित किया है। दोनों प्रमुख दलों रिपब्लिकन पार्टी व डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने विधेयक को समर्थन दिया। अब यह विधेयक सीनेट में पेश किया जाएगा।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने गुरुवार को एक ऐसा विधेयक पारित किया, जिसमें दोनों प्रमुख दलों के सांसदों ने मिलकर वोट किया। यह विधेयक हैती के प्रवासियों को मिलने वाली अस्थायी सुरक्षा को बढ़ाने से जुड़ा है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के उस प्रयास के खिलाफ माना जा रहा है, जिसमें इस सुरक्षा कार्यक्रम को खत्म करने की कोशिश की जा रही थी। विधेयक को डेमोक्रेट सांसदों ने कुछ रिपब्लिकन सांसदों के समर्थन से आगे बढ़ाया। जबकि, रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व इसका विरोध कर रहा था। इसमें ट्रंप प्रशासन से मांग की गई है कि हैती के प्रवासियों को मिलने वाली अस्थायी सुरक्षा को तीन साल के लिए बढ़ाया जाए। इससे अमेरिका में रह रहे लाखों योग्य प्रवासी देश से निकाले जाने (निर्वासन) के डर के बिना रह सकेंगे।





### विधेयक के पक्ष और विपक्ष में कितने वोट पड़े

मतदान में 224 सांसदों ने विधेयक के पक्ष में वोट किया और 204 सांसदों ने इसके खिलाफ वोट किया। सदन में तालियां भी बजीं। यह विधेयक अब सीनेट में जाएगा और यह भी संभावना है कि राष्ट्रपति इसे रोकने के लिए वीटो कर दें।

### लगभग साढ़े तीन लाख हैती प्रवासियों की सुरक्षा से जुड़ा विधेयक

यह विधेयक अमेरिका में रह रहे लगभग 3.5 लाख हैती प्रवासियों की सुरक्षा से जुड़ा है, जबकि प्रशासन कई समूहों का यह दर्जा खत्म करने की कोशिश कर रहा है। अगले दो हफ्तों में सुप्रीम कोर्ट भी एक मामले पर विचार करेगा, जो हैती और सीरिया के प्रवासियों की सुरक्षा समाप्त करने से जुड़ा है।

### डेमोक्रेट सांसद प्रेसली ने क्या कहा

डेमोक्रेट सांसद अयाना प्रेसली ने कहा, मैं जानती हूं कि हैती से आए हुए हमारे पड़ोसी हमारे समुदायों, हमारी संस्कृति, हमारे काम और हमारी अर्थव्यवस्था के लिए कितने अहम हैं। उन्होंने बताया कि हैती के प्रवासी स्वास्थ्य सेवा, निर्माण और अन्य क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे समस्या नहीं हैं, बल्कि समाधान का हिस्सा हैं। प्रेसली ने कहा कि हैती के लोगों को वापस भेजना उनके लिए 'मृत्युदंड' जैसा होगा, क्योंकि वहां प्राकृतिक आपदाएं और गिरोहों की हिंसा की गंभीर स्थिति है।

## 'होर्मुज जलडमरूमध्य से वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही पूरी तरह से खुली'




**तेहरान।** पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और लेबनान में लागू सीजफायर के बीच ईरान ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी देते हुए कहा कि लेबनान में सीजफायर समझौते के अनुरूप होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही को पूरी तरह खोल दिया गया है।

विदेश मंत्री के अनुसार, यह निर्णय सीजफायर अवधि के शेष समय के लिए लागू रहेगा और पहले से घोषित समन्वित मार्ग के तहत सभी व्यापारिक जहाजों को गुजरने की अनुमति दी जाएगी। यह मार्ग ईरान के पोर्ट्स एंड मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन द्वारा निर्धारित किया गया है।

### वैश्विक व्यापार के लिए अहम कदम

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ऐसे में इस मार्ग को खोलने का निर्णय अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार और शिपिंग उद्योग के लिए राहत भरा माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम क्षेत्रीय तनाव को कम करने और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है।

# फिलीपींस में 2026 की अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़

### सुरक्षा बलों ने 10 संदिग्ध उग्रवादियों को ढेर

**मनीला।** फिलीपींस में सेना ने मुठभेड़ में 10 संदिग्ध मुस्लिम उग्रवादियों को मार गिराया है। यह मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सेना और पुलिस एक गांव में एक उग्रवादी कमांडर को गिरफ्तार करने पहुंचे थे। तभी 'दौलह इस्लामिया-माउते' नाम के समूह से जुड़े संदिग्ध उग्रवादियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी।

फिलीपींस में इस साल की अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 10 संदिग्ध मुस्लिम उग्रवादियों को मार गिराया। यह कार्रवाई शुक्रवार को देश के दक्षिणी हिस्से में हुई, जहां लंबे समय से अलगाववादी हिंसा होती रही है।

### उग्रवादी कमांडर की गिरफ्तारी के दौरान हुई मुठभेड़

अधिकारियों के मुताबिक, यह मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सेना और पुलिस एक गांव में एक उग्रवादी कमांडर को गिरफ्तार करने पहुंचे थे।



तभी 'दौलह इस्लामिया-माउते' नाम के समूह से जुड़े संदिग्ध उग्रवादियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद करीब एक घंटे तक दोनों तरफ से गोलीबारी चली। इस ऑपरेशन में कमांडर अमेरोल मंगोरांका समेत कुल 10 उग्रवादी मारे गए, जिनमें चार महिलाएं भी शामिल थीं। राहत की बात यह रही कि इस मुठभेड़ में किसी भी सरकारी जवान को नुकसान नहीं पहुंचा।

सेना के अधिकारियों का कहना है कि मंगोरांका और उसके साथी पहले भी कई हमलों में शामिल रहे थे। जनवरी में हुए एक घात लगाकर हमले में चार सैनिकों की मौत के पीछे भी इसी समूह का हाथ बताया गया था। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने मौके से चार राइफल, एक पिस्टल, एक ग्रेनेड और बम बनाने का सामान बरामद किया। इस दौरान एक शिशु भी घटनास्थल पर मिला, जिसे तुरंत इलाज के लिए भेजा गया। हालांकि, उसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है।

**फिलीपींस के दक्षिणी इलाके में दशकों से अलगाववादी आंदोलन**

फिलीपींस के दक्षिणी इलाके में दशकों से मुस्लिअलगाववादी आंदोलन म चलता रहा है। हालांकि, साल 2014 में मोरो इस्लामिक लिबरेशन फ्रंट शांति समझौता के बाद हालात काफी हद तक सुधर गए थे। इस समझौते के तहत बड़े उग्रवादी समूह ने हथियार छोड़कर शांति का रास्ता अपनाया था। लेकिन कुछ छोटे गुट इस समझौते में शामिल नहीं हुए और अब भी समय-समय पर हमले करते रहते हैं।

### आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता

सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता है और इससे इलाके में शांति बहाल करने में मदद मिलेगी। हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि जब तक सभी छोटे उग्रवादी समूह पूरी तरह खत्म नहीं होते, तब तक इस क्षेत्र में खतरा बना रहेगा।

# अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता का दूसरा दौर

### पाकिस्तान में तैयारी, जंग खत्म करने की होगी कोशिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अगले हफ्ते अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता करने की तैयारी में है। इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया में युद्ध खत्म कर वैश्विक संकट को दूर करना है। फिलहाल दोनों देशों के बीच अस्थायी युद्धविराम लागू है, जिसे स्थायी समझौते में बदलने की कोशिश हो रही है।



पाकिस्तान अगले हफ्ते अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली दूसरे दौर की महत्वपूर्ण शांति वार्ता की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करना है। इस युद्ध ने दुनिया भर में ऊर्जा की आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है।

पिछले हफ्ते हुई पहली सीधी बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई थी। हालांकि, दोनों पक्ष अभी दो हफ्ते के अस्थायी युद्धविराम का पालन कर रहे हैं। यह युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होगा। पाकिस्तान इस मौके का फायदा उठाकर दोनों देशों को फिर से बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रहा है।

अधिकारिक ने सूत्रों ने शुक्रवार को कहा, दोनों पक्षों को बातचीत की टेबल पर वापस लाने के लिए तेजी से डिप्लोमैटिक काम हुआ। इस शांति प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर काफी सक्रिय हैं। पर्दे के पीछे काम करने के बाद, प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब, कतर और तुर्की के नेताओं से बातचीत की है। वहीं, फील्ड मार्शल मुनीर ने तेहरान में ईरान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ मुलाकात की। हालांकि, बातचीत के नतीजे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।

इस्लामाबाद के अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा के लिहाज से इस्लामाबाद और रावलपिंडी में भारी इंतजाम किए जा रहे हैं। दूसरे प्रांतों से हजारों पुलिस और अर्धसैनिक बलों को बुलाया गया है। पहले दौर की बातचीत में 10,000 से ज्यादा जवान तैनात रहे थे। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि अगले हफ्ते यातायात पर कड़ी पाबंदियां रहेंगी।

## पाकिस्तान में गैस पाइपलाइन फटने से आठ की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को गैस पाइपलाइन में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और एक बच्ची भी शामिल हैं। यह हादसा हरिपुर जिले के हत्तर इंडस्ट्रियल एस्टेट इलाके में हुआ। बचाव दल के अधिकारियों के अनुसार, ग्रैंड ट्रंक रोड के पास एक ग्राइंडिंग मिल के नजदीक पाइपलाइन में धमाका हुआ, जिससे भीषण आग लग गई।

धमाके के बाद पास का एक मकान भी आग की चपेट में आ गया, जिससे नुकसान और बढ़ गया तथा राहत कार्य में मुश्किलें आईं। हरिपुर के जिला पुलिस अधिकारी के मुताबिक, अब तक चार महिलाओं और छह बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया है। इस हादसे में कई महिलाएं और बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

# इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर हेलीकॉप्टर क्रैश, आठ की मौत, राहत-बचाव कार्य जारी

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर एक हेलीकॉप्टर क्रैश में आठ लोगों की मौत हो गई। यह हेलीकॉप्टर हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद लापता हो गया था। बाद में इसका मलबा घने जंगलों में मिला।



इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां पाम ऑयल के बागानों के बीच उड़ान भर रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इस घटना की जानकारी दी।

यह हेलीकॉप्टर 'पीटी मैथ्यू एयर नुसंतारा' कंपनी का था और इसका मॉडल एयरबस H130 था। गुरुवार को इसने पश्चिमी कालीमंतन प्रांत के मेल्वी जिले से उड़ान भरी थी। इसे कुबू राया जिले में स्थित एक दूसरे पाम ऑयल बागान तक जाना था। लेकिन उड़ान भरने के महज पांच मिनट बाद ही हेलीकॉप्टर का कंट्रोल रूम से संपर्क टूट गया।

हादसे खबर मिलते ही खोज अभियान शुरू किया गया। नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी और परिवहन मंत्रालय ने बताया कि हेलीकॉप्टर का मलबा सेकादौ जिले के घने जंगलों में मिला है। बचाव दल ने वहां से दो क्रू सदस्यों और छह यात्रियों के शव बरामद किए हैं। मरने वालों में एक व्यक्ति मलेशिया का नागरिक था।

इंडोनेशिया लगभग 27 करोड़ की आबादी वाला देश है। यह देश अक्सर विमान, हेलीकॉप्टर और नाव डूबने सहित ट्रांसपोर्टेशन दुर्घटनाओं से परेशान रहा है। परिवहन सुरक्षा को लेकर यहां पहले भी कई सवाल उठते रहे हैं। फिलहाल पुलिस और प्रशासन इस हादसे की जांच कर रहे हैं।

## न्यूयॉर्क मेयर जोहरान ममदानी की पत्नी ने अपने पुराने आपत्तिजनक पोस्ट पर मांगी माफी

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की पत्नी रामा दुवाजी ने कई वर्ष पहले किए गए अपने एक आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। यह मामला तब सामने आया जब एक कंजर्वेटिव मीडिया संस्थान ने उनकी पुरानी ऑनलाइन गतिविधियों को खंगालकर उजागर किया।

एक इंटरव्यू में दुवाजी ने कहा कि उन्हें अपने पुराने पोस्ट को लेकर गहरी शर्मिंदगी महसूस होती है। उन्होंने कहा, '15 साल की उम्र में उन्होंने वह पोस्ट किया था, लेकिन उम्र कोई बहाना नहीं हो सकती। मैंने जो भाषा इस्तेमाल की, वह दूसरों के लिए नुकसानदेह थी।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने लोगों की प्रतिक्रियाएं पढ़ीं और समझा कि मैंने उन्हें कितना आहत किया। इसके लिए मैं दिल से माफी मांगती हूं।'



हालांकि, दुवाजी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह किन-किन पोस्ट की बात कर रही हैं और न ही उन्होंने इस्राइल से जुड़े अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट पर टिप्पणी की, जिन पर भी विवाद हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके पुराने पोस्ट में एलजीबीटीक्यू समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा, उन्होंने अतीत में कुछ ऐसे पोस्ट भी शेयर किए थे जिनमें फिलिस्तीनी उग्रवादियों की प्रशंसा की गई थी। गौरतलब है कि दुवाजी को हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट को लाइक करने के लिए भी आलोचना का सामना करना पड़ा था, जिसे हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का समर्थन करने वाला माना गया था।

# पैसे की ताकत दिखा रहे मस्कः रिकॉर्ड बनाने के लिए नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी

**न्यूयार्क।** स्पेसएक्स ने NASDAQ में लिस्टिंग की तैयारी करते हुए आईपीओ से पहले गोपनीय दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी करीब दो ट्रिलियन डॉलर वैल्यूएशन के साथ छोटे हिस्से की बिक्री कर 75 अरब डॉलर जुटाना चाहती है, जो इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है।



दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की स्पेस कंपनी स्पेस एक्स ने अमेरिकी शेयर बाजार ठअरऊअद में लिस्टिंग की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ से पहले गोपनीय दस्तावेज दाखिल कर दिए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, स्पेसएक्स करीब दो ट्रिलियन डॉलर के वैल्यूएशन को लक्ष्य बनाते हुए बाजार में उतर सकती है। कंपनी अपने कुल हिस्सेदारी का केवल छोटा भाग बेचकर लगभग 75 अरब डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। यह सौदा सफल रहा तो यह अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है।

**कंपनी का सफर और बिजनेस मॉडल:** 2002 में स्थापित स्पेसएक्स का लक्ष्य मानवता को बहुग्रह बनाना है। कंपनी ने रॉकेट और लॉन्च व्हीकल के दोबारा उपयोग की तकनीक विकसित कर अंतरिक्ष प्रक्षेपण की लागत को नाटकीय रूप से कम किया है, जो 2000 के दशक की शुरूआत की तुलना में महज 5% तक रह गई है। कंपनी अब तक करीब 600 सफल रॉकेट लैंडिंग कर चुकी है, जिससे वाणिज्यिक अंतरिक्ष यात्रा को नया आयाम मिला है।

हालांकि, स्पेसएक्स की कमाई का बड़ा हिस्सा उसके सैटेलाइट इंटरनेट बिजनेस स्टारलिंक से आता है, जो दुनिया भर में एक करोड़ से अधिक यूजर्स को सेवा दे रहा है।

**एक्स एआई के साथ ऐतिहासिक विलयः** फरवरी 2026 में स्पेसएक्स ने xAI के साथ विलय किया, जो ग्रोक का डेवलपर है। यह अब तक का सबसे बड़ा निजी कॉरपोरेट विलय माना जा रहा है। इस सौदे में xAI का मूल्य 250 अरब डॉलर और स्पेसएक्स का एक ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जिससे संयुक्त इकाई का मूल्य 1.25 ट्रिलियन डॉलर हो गया।

# अमेरिकी नीति पर ट्रंप के बड़े बयान, ईरान से समझौते के लिए खुद जाएंगे पाक! पीएम मोदी पर भी बोले

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में जंग रोके जाने की घोषणा के साथ कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने पीएम मोदी और भारत के साथ संबंध पर भी टिप्पणी की। ट्रंप के बयानों को उनकी विदेश नीति और पश्चिम एशिया समेत दुनिया के अन्य हिस्सों को लेकर अमेरिकी रुख की तरह भी देखा जा रहा है। ईरान और भारत के अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति ने और किन विषयों पर क्या कहा? इस खबर में जानिए

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं। 40 दिनों से अधिक की जंग के बाद तनावपूर्ण शांति के बीच आई इस टिप्पणी को उनके यू-टर्न की तरह भी पेश किया जा रहा है।

इसके अलावा उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों पर भी टिप्पणी की। ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'दोस्त' बताते हुए कहा, मोदी के साथ फोन पर उनकी बातचीत 'बहुत अच्छी' रही। पीएम मोदी ने भी ट्रंप के फोन कॉल की पुष्टि की थी।



### पाकिस्तान जा सकते हैं डोनाल्ड ट्रंप

गौरतलब है कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने पर जोर दिया। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी दोनों नेताओं के बीच की बातचीत को सकारात्मक बताया। वहीं ट्रंप ने यह भी कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता हो जाता है तो वह समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं।

**10वां युद्ध रुकवाने का दावा**

राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और ईरान से इतर इस्राइल और लेबनान के बीच युद्धविराम पर भी बयान दिया। उन्होंने लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ आउन और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात की। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में 10वां युद्ध रोकने में सफलता हासिल की है।

डोनरो सिद्धांत जुमले का इस्तेमाल ट्रंप की 2026 की विदेश नीति के संदर्भ में किया जाता है। इस धारा के तहत सरकार 'अमेरिका सबसे पहले और केवल अमेरिका' जैसे रुख पर जोर देती है।

दरअसल, 1823 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मुनरो ने यूरोपीय उपनिवेशीकरण बंद करने का एलान किया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका में किसी भी हस्तक्षेप को अमेरिका के खिलाफ दुश्मनी बढ़ाने जैसे कृत्य के रूप में देखा जाएगा।

### ट्रंप का दावा- ईरान की नौसेना नष्ट, बहुत जल्द मिलेगी जीत

वहीं ट्रंप ने गुरुवार को ईरान के खिलाफ बहुत जल्द जीत का दावा किया। उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमताओं में भारी गिरावट का उल्लेख किया। ट्रंप ने ईरान को 'कठिन, स्मार्ट देश' बताया, पर कहा उसकी नौसेना खत्म हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि ईरान के 158 जहाज समुद्र में डूब चुके हैं। ट्रंप ने ईरानी कमांडर घोलमरेजा सुलेमानी को निशाना बनाने का भी जिक्र किया। उन्होंने सुलेमानी को 'सबसे बुरे आतंकवादियों में से एक' बताया, उस पर अमेरिकी सैनिकों पर हमलों का आरोप लगाया। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच, ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम विस्तार पर अनिश्चितता जताई। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के साथ जल्द ही एक समझौता हो सकता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना मुख्य लक्ष्य है। अगले दौर की वार्ता सप्ताहांत में होने की संभावना है।

# 'व्यापारिक जहाजों पर हमला बिल्कुल बर्दाश्त नहीं'

## होर्मुज तनाव पर यूएन में भारत की दो-टूक

**न्यूयॉर्क।** भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और जहाजों पर हो रहे हमले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने साफ शब्दों में कहा कि व्यापारिक जहाजों पर हमला और बेकसूर नाविकों की हत्या बिल्कुल बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। इसके साथ ही भारत ने तमाम देशों से अपील भी की है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच समुद्री रास्तों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भारत ने गंभीर चिंता जताई और कहा कि यहां से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है।







### 'व्यापारिक जहाजों पर सैन्य हमले चिंताजनक'

भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश पी. ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में बहस के दौरान कहा कि यह समुद्री मार्ग भारत के लिए बेहद अहम है, क्योंकि देश की ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि इस इलाके में व्यापारिक जहाजों पर सैन्य हमले चिंताजनक हैं और इससे न सिर्फ वैश्विक व्यापार प्रभावित होता है बल्कि आम नागरिकों की जान भी खतरे में पड़ती है।

**संघर्ष में भारतीय नाविकों की मौत भारत चिंतित**

भारत ने इस बात पर भी दुख जताया कि इस संघर्ष में भारतीय नाविकों की जान गई है। हरिश पी. ने कहा कि निर्दोष लोगों की जान जाना बेहद दुखद है और ऐसे हमलों की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने दोहराया कि समुद्र में चलने वाले नागरिक जहाजों और उनके कर्मचारियों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।

### सभी देशों से भारत ने की यह अपील

भारत ने सभी देशों से अपील की कि वे अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करें और इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते पर सुरक्षित और बिना रुकावट आवाजाही को जल्द से जल्द बहाल करें। साथ ही, भारत ने यह भी कहा कि मौजूदा तनाव को कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही सबसे सही रास्ता है।

### 'संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हो'

इस पूरे मुद्दे पर भारत का रुख साफ है, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान होना चाहिए, और किसी भी तरह की आक्रामक कार्रवाई से बचना चाहिए। भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने और शांति की दिशा में कदम बढ़ाने की अपील की है, ताकि खाड़ी क्षेत्र में स्थिरता बनी रहे और वैश्विक व्यापार प्रभावित न हो।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# नगर आयुक्त और जीडीए उपाध्यक्ष के साथ सर्किट हाउस में विकास कार्यों की समीक्षा, सुनील शर्मा ने दिए निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सर्किट हाउस में साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र एवं जनपद गाजियाबाद में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर आयुक्त गाजियाबाद और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे, जहां विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की समीक्षा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा द्वारा की गई। उन्होंने विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि



जनहित से जुड़े सभी कार्य गुणवत्ता और तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

समीक्षा के दौरान सड़कों, जल निकासी, सफाई व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों पर विशेष फोकस किया गया। मंत्री ने कहा कि किसी भी परियोजना में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, जिससे क्षेत्र में बुनियादी ढांचा और मजबूत हो सके।

# ठाकुर द्वार विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम दिनेश गोयल ने छात्रों और शिक्षकों को दी बधाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ठाकुर द्वार विद्यालय ने कक्षा 10 के परिणामों में शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर एक बार फिर अपनी शैक्षिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के उत्तीर्ण होने से स्कूल परिवार में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को भी साबित किया है। विद्यालय के टॉपर्स में मानसी वर्मा (98.00%), सौम्या पोखरियाल (96.17%) और चारु सारस्वत (95.17%) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। इन छात्रों की सफलता को लेकर अभिभावकों और शिक्षकों में खासा उत्साह देखा गया।



इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य दिनेश कुमार गोयल ने विद्यालय पहुंचकर प्रिंसिपल पूनम शर्मा, वाइस प्रिंसिपल और समस्त अध्यापक एवं स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय के अनुशासन का प्रतिफल है। दिनेश गोयल ने विशेष रूप से पासआउट छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि ये विद्यार्थी भविष्य में समाज और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इसी तरह मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहें।

# नारी शक्ति वंदन अभियान को मिला बल महिला सशक्तिकरण पर जोर

**नोएडा।** सशक्त नारी, सशक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के



सभागार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की प्रतिष्ठित एवं प्रभावशाली महिलाओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान वक्ताओं ने विश्वास जताया कि ह्यनारी शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को नई गति मिलेगी और सशक्त नारी, सशक्त भारत का लक्ष्य साकार होगा। प्रेस वार्ता को 1980 बैच की सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी निवेदिता पी. हरन, आईबीए एसोसिएशन की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. खुशबू सिंह, एडवोकेट कविता नागर, लोकल कंप्लायंस कमेटी की सदस्य माला भंडारी तथा वेदिका फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. सपना ने संबोधित किया। वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकार, उनकी बढ़ती सामाजिक भूमिका और राजनीतिक भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान नारी वंदन अधिनियम, 2023 पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। अधिनियम के तहत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

# गाजियाबाद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर के हिंदी भवन में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में एक भव्य टाउन हॉल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा परिसर खचाखच भरा रहा और वातावरण ऊर्जा से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश महिला कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती कमलावती जी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने महिलाओं के सशक्तिकरण की बातें तो कीं, लेकिन





उन्हें कभी वास्तविक रूप नहीं दिया। उन्होंने मोदी सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि 33% आरक्षण सुनिश्चित कर महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। भारत की समस्त मातृशक्ति आज हृदय से मोदी सरकार का कोटि-कोटि धन्यवाद कर रही है।

भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने उपस्थित मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार लंबे समय से महिलाओं के अधिकारों को लेकर गंभीर चिंतन कर रही है। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को संसद में पारित कर इसे संवैधानिक मान्यता देना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि 33% आरक्षण का यह प्रावधान महिलाओं के सशक्तिकरण और समृद्ध भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह एवं तारकासुर वध प्रसंग के साथ विराम हुई श्रीरामकथा

## भजनों पर झूमे विधायक नंदकिशोर गुर्जर, संतों ने दिया आशीर्वाद

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के रामपार्क स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के समक्ष आयोजित श्रीरामकथा के तीसरे दिन कथा व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज के श्रीमुख से भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह, भगवान





कार्तिकेय के जन्म तथा तारकासुर वध का अत्यंत भावपूर्ण एवं मनोहारी वर्णन किया गया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा उपरांत आयोजित भजन-कीर्तन में श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। इस अवसर पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी भक्तों के साथ भजनों पर झूमते हुए दिखाई दिए और पूरे आयोजन में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।



कार्यक्रम के तीसरे दिन महामंडलेश्वर परमहंस दाती महाराज सहित बड़ी संख्या में संत-महात्माओं ने पहुंचकर व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया। इस दौरान संतों ने गौसेवा के प्रति विधायक नंदकिशोर गुर्जर के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी की पावन धरा पर श्रीरामकथा गंगा के समान प्रवाहित हो रही है।

यह भव्य एवं दिव्य आयोजन पूरे लोनी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। सनातन धर्मावलंबियों की एकजुटता और विशाल सहभागिता ने एक नया इतिहास रचा है। विशेष रूप से माताओं एवं बहनों की भारी भागीदारी यह दशार्ती है कि हमारी सनातन संस्कृति आज भी उतनी ही सशक्त और जीवंत है। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक उत्थान का महापर्व है।

# पार्षद यशपाल पहलवान ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन

## जल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन का निरीक्षण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 20 के पार्षद यशपाल पहलवान ने राजीव कॉलोनी में मुख्यमंत्री द्वार के समीप स्थित गली नंबर 2 और 3 में इंटरलोकिंग टाइल्स लगाने तथा नई नाली निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। इस कार्य से स्थानीय निवासियों को जलभराव और खराब रास्तों की समस्या से मुक्ति मिलेगी।



इसके पश्चात, यशपाल पहलवान ने गगन विहार की गली नंबर 6 में चल रहे पानी की पाइपलाइन डालने के कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य गर्मियों की दस्तक से पहले पाइपलाइन का काम पूरा करना है, ताकि क्षेत्र के हर घर तक सुचारू रूप से स्वच्छ पेयजल पहुँच सके और जनता को किल्लत न झेलनी पड़े। इस अवसर पर अमित कल्याणी, सुरेंद्र पंडित, मनोज पत्रकार, राकेश, पुष्पा अफसर ओमपाल, शौकीन मौलाना, नरेश डेढ़ा, महेश मोहित, बंसी लाल आदि लोग उपस्थित रहे। सभी ने विकास कार्यों की पहल के लिए पार्षद का आभार व्यक्त किया।

# उद्योगों में श्रमिक नियमों पर सख्ती नोएडा प्रशासन का अल्टीमेटम

**21% वेतन वृद्धि और समय पर भुगतान अनिवार्य, नहीं तो कार्रवाई**

**ओवरटाइम का दोगुना भुगतान और साप्ताहिक अवकाश जरूरी**

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में उद्योगों की सुरक्षा और उनके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में अपर पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्यमियों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। वहीं बैठक में स्पष्ट किया गया कि उद्योगों में शांति और संतुलन बनाए रखने के लिए श्रमिकों के अधिकारों का पालन अनिवार्य है, अन्यथा प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अपर पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा कि सभी औद्योगिक इकाइयां शासन के दिशा-निर्देशों को अपनी इकाई के सूचना पट पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1 अप्रैल 2026 से लागू 21 प्रतिशत वेतन वृद्धि का भुगतान सभी श्रमिकों को समय पर किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी श्रमिक को अनावश्यक रूप से सेवा से नहीं निकाला जाएगा और ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से बिना किसी कटौती के किया जाएगा। प्रत्येक श्रमिक को साप्ताहिक अवकाश देना अनिवार्य होगा तथा रविवार को कार्य कराने पर दोगुना भुगतान किया जाएगा। बैठक में यह भी कहा गया कि सभी श्रमिकों को



नियमानुसार बोनस का भुगतान अधिकतम 30 नवंबर तक उनके बैंक खातों में किया जाए। प्रत्येक कारखाने में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति का गठन किया जाए, जिसकी अध्यक्ष एक महिला कर्मचारी होगी। साथ ही शिकायत पेटी स्थापित कर श्रमिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

अपर पुलिस आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक श्रमिक को हर माह की 10 तारीख तक वेतन का एकमुश्त भुगतान किया जाए और वेतन पर्ची देना अनिवार्य होगा, जिसमें किसी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए। उन्होंने उद्यमियों से श्रमिकों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि अधिकांश श्रमिकों को शासन के दिशा-निर्देशों की जानकारी नहीं है, जिससे असंतोष की स्थिति बन रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी इकाई द्वारा इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने उद्यमियों से अपील की कि वे श्रमिकों को निर्धारित मानदेयों का भुगतान करें और उनके साथ सामंजस्य बनाए रखें, क्योंकि श्रमिकों के बिना उद्योगों का संचालन संभव नहीं है।

बैठक में एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, महासचिव वीके सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कोहली, धर्मवीर शर्मा, मुकेश कक्कड़, उपाध्यक्ष राजन खुराना, मयंक गुप्ता, सचिव वीरेंद्र नरूला, प्रदीप अग्रवाल, विनीत कत्याल, अजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

# पीएसी में कबड्डी क्लस्टर का समापन 41वीं वाहिनी ने लहराया जीत का परचम

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली 41वीं वाहिनी पीएसी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 'पश्चिमी जोन तृतीय अंतर-वाहिनी कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता 2026' का शुक्रवार को समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में पश्चिमी जोन की



14 वाहिनियों के जांबाज खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा और अदम्य साहस का परिचय दिया।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी मेरठ कल्पना सक्सेना रहीं। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना जैसे गुण भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके समर्पण की सराहना की। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, खो-खो, फेंसिंग और जिम्नास्टिक में कशमकश भरी टक्कर देखने को मिली वही कबड्डी 06वीं वाहिनी पीएसी मेरठ ने खिताब अपने नाम किया, जबकि 47वीं वाहिनी गाजियाबाद उपविजेता रही। खो-खो में मेजबान 41वीं वाहिनी गाजियाबाद ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं 28वीं वाहिनी इटावा दूसरे स्थान पर रही। फेंसिंग और जिम्नास्टिक दोनों ही स्पधर्धाओं में 41वीं



वाहिनी गाजियाबाद का एकतरफा दबदबा रहा और उन्होंने स्वर्ण पदक जीते। इस अवसर पर सेनानायक डॉ. दिनेश यादव उपसेनायक अरुण कुमार सिंह, उपसेनायक सत्यम और सहायक सेनानायक जगवीर सिंह चौहान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारियों और मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

# डीएम से मुलाकात न होने पर धरना, सांसदों का प्रदर्शन

## संयुक्त प्रतिनिधिमंडल डीएम कैंप कार्यालय के बाहर बैठा धरने पर

**हिरासत में लिए गए साथियों की रिहाई की भी मांग**



**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम से मुलाकात न होने पर आक्रोशित उढक(ट) का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल सेक्टर-27 स्थित डीएम कैंप कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गया। इस प्रतिनिधिमंडल में दो राज्यसभा सांसद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल का आरोप है कि वे 13 अप्रैल को नोएडा में हुए श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से यहां पहुंचे थे, लेकिन जिलाधिकारी ने उनसे मुलाकात नहीं की और उन्हें एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक भटकाया गया।

राज्यसभा सांसद वी शिवदासन ने बताया कि उनका प्रतिनिधिमंडल सुबह 10:45 बजे चिल्ला बॉर्डर पहुंचा, जहां से उन्हें पुलिस लाइन ले जाया गया और बताया गया कि जिलाधिकारी वहीं मिलेंगी। वे करीब एक घंटे तक इंतजार करते रहे, लेकिन मुलाकात नहीं हुई। इसके बाद उन्हें सूरजपुर कलेक्ट्रेट भेजा गया, फिर वहां से सेक्टर-27 स्थित कैंप कार्यालय आने को कहा गया।

प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, वे करीब 3:35 बजे कैंप कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां भी जिलाधिकारी मौजूद नहीं थीं।

शाम करीब 4:30 बजे उप जिलाधिकारी वेद प्रकाश पांडे उनसे मिलने पहुंचे, लेकिन प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से ही बातचीत करने की मांग पर अड़े रहते हुए धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे नेताओं में राज्यसभा सांसद ए ए रहीम, पोलित ब्यूरो सदस्य आर अरुण कुमार, जनरल सेक्रेटरी एम ए बेबी, दिल्ली राज्य सचिव अनुराग सक्सेना और लोकसभा सांसद अमरा राम शामिल हैं।

मौके पर पहुंचे अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्रा प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ आए कुछ सदस्यों को हिरासत में लिया गया है, जिन्हें तुरंत रिहा करने की मांग की जा रही है।

# श्रम कानून उल्लंघन पर सख्ती, 203 ठेकेदारों पर कार्रवाई


## 24 कारखानों से जुड़े संविदाकारों पर लाइसेंस रद्द और ब्लैकलिस्टिंग की तैयारी

**1.16 करोड़ रुपये पेनल्टी नोटिस, श्रमिकों को भुगतान के निर्देश**

**नोएडा (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश में श्रमिकों के हितों को लेकर सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए गौतमबुद्ध नगर में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले 24 कारखानों से जुड़े 203 संविदाकारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इनमें लाइसेंस निरस्तीकरण, धनराशि की वसूली और संबंधित एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शामिल है।

सरकार की इस कार्रवाई और सख्त निर्देशों से जनपद में श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा के साथ औद्योगिक सौहार्द और शांति बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

अपर श्रमायुक्त गौतमबुद्धनगर राकेश द्विवेदी के अनुसार, हालिया श्रमिक आंदोलन के दौरान हुई तोड़फोड़ की घटनाओं में कुछ संविदाकारों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इसके साथ ही जिन संविदाकारों ने श्रम कानूनों का पालन नहीं किया और श्रमिकों को उनके देय लाभों से वंचित रखा, उनके खिलाफ 1 करोड़ 16 लाख 5 हजार 67 रुपये की पेनल्टी का नोटिस जारी किया गया है। यह राशि श्रमिकों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।




उन्होंने बताया कि अन्य संविदाकारों की भी पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ भी जल्द कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रमिकों के अधिकारों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वेतन वृद्धि को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लागू किया गया है। शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति की संस्तुति के आधार पर गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में 74 अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के वेतन में 21 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी और इसका भुगतान मई माह की 7 से 10 तारीख के बीच किया जाएगा। नई दरें संविदा और स्थायी दोनों प्रकार के श्रमिकों पर लागू होंगी।

श्रम विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ और ईएसआई के अतिरिक्त कोई अन्य कटौती नहीं की जाएगी। उल्लंघन की स्थिति में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही श्रमिकों को ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से तथा बोनस और ग्रेच्युटी जैसे सभी वैधानिक लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे। वेतन भुगतान में देरी या कम भुगतान की स्थिति में संविदाकारों के साथ उनके प्रधान सेवायोजकों की भी जवाबदेही तय की जाएगी।

जिला स्तर पर औद्योगिक इकाइयों द्वारा सरकार की गाइडलाइंस और न्यूनतम वेतन वृद्धि का अनुपालन शुरू कर दिया गया है। विभिन्न उद्यमी संगठन व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से संदेश, ऑडियो और वीडियो प्रसारित कर उद्योगों को नियमों के पालन के लिए जागरूक कर रहे हैं।

# डेयरी गोदाम में लगी आग ढाई लाख का हुआ नुकसान

**हापुड़।** हापुड़ के पिलखुवा क्षेत्र स्थित शमशाद रोड पर शुक्रवार को एक डेयरी गोदाम में आग लग गई। इस घटना में करीब ढाई लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, शमशाद रोड पर स्थित एसके ट्रेडर्स नामक गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लगी। गोदाम में डेयरी से संबंधित सामान रखा हुआ था। घटना के समय गोदाम में कोई मौजूद नहीं था, क्योंकि सभी लोग नमाज अदा करने गए हुए थे। इसी दौरान गोदाम से धुआं उठता देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बिना देर किए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आग और भी विकराल रूप ले सकती थी।



आग की चपेट में आकर गोदाम में रखे कैरेट, दूध, विद्युत उपकरण और फर्नीचर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। इस घटना से गोदाम संचालक को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# कांग्रेस का असली चेहरा आ गया सामने : बसपा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास नहीं होने पर बहुजन समाज पार्टी ने अफसोस जताया है। बसपा ने बिल का समर्थन किया था लेकिन का कहना है कि दो तिहाई बहुमत नहीं मिलने के कारण बिल पास नहीं हो हो पाया इससे कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है।

जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष बहन मायावती ने देश के अनुसूचित जाति जनजाति और अति पिछड़े वर्ग के संवैधानिक/कानूनी अधिकारों आदि के मामले में कांग्रेस भी गिरगिट की तरह अपना रंग बदलने वाली पार्टी है। यही कांग्रेस पार्टी है जिसने अपनी केन्द्र की सरकार के रहते हुये किसी भी क्षेत्र में इनके आरक्षण के कोटे को पूरा कराने की कभी पहल नहीं की है।

जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी समाज के लिए मंडल कमीशन की सिफारिश को भी लागू नहीं किया था। बसपा के अथक प्रयासों से पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार में अनततः लागू किया गया था। जो सर्वविदित है।

पिछड़ा वर्ग आयोग की जुलाई 1994 में ही आई रिपोर्ट को भी सपा सरकार ने ठण्डे बस्ते में डालकर इसे लागू नहीं किया था। जिसे फिर यहां बीएसपी की पहली बनी सरकार ने इसे तुरन्त लागू किया, जो कि अब यही सपा अपना रंग बदलकर अपने राजनैतिक स्वार्थ में इनकी महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष बहन मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि जहाँ तक महिला आरक्षण के लिए पिछली जनगणना के आधार पर परिसीमन करने का सवाल है, तो इस बारे में यही कहना है कि यदि इसे जिन भी कारणों से जल्दी लागू करना है तो फिर इसी जनगणना के आधार पर करना है और यदि वर्तमान में कांग्रेस पार्टी केन्द्र की सत्ता में होती तो फिर यह पार्टी भी बीजेपी की तरह ही यही कदम उठाती। महिला आरक्षण के मामले में इन वर्गों को अभी जो कुछ भी मिलने वाला है तो उसे इनको फिलहाल स्वीकार कर लेना चाहिये।